53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 17.5°c | अधिकतम 29.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:33, सूर्यास्त - 6:25 | वर्ष : 53/ अंक : 69 | मंगलवार, 11 मार्च 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जो बाहर की सुनता है
वो बिखर जाता है...
जो अंदर की सुनता है
वो संवर जाता है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

खड़गे और राहुल गांधी को रोहित शर्मा से माफी मांगनी चाहिए : केशव प्रसाद मौर्य



या.... कांग्रेस प्रवक्ता शमा पर कार्रवाई करनी चाहिए........

# आ रहे त्यौहार, बंदी में भी खुलेगा बाजार

## साप्ताहिक बंदी के आदेशों को लेकर अधिकारी पड़े नरम, होली और ईद के कारण अब सख्ती हुई कम

**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)।** होली और इसके बाद आ रही ईदुल फितर के त्यौहार के सीजन में कारोबार की आस लगाये बैठे जनपद के व्यापारियों को जिलाधिकारी द्वारा साप्ताहिक बंदी को लेकर की गई सख्ती रास नहीं आ रही थी, त्यौहारों के सीजन में इस पाबंदी के कारण कारोबार का मौका हाथ से जाता देखकर व्यापारियों की पीड़ा को लेकर कई व्यापार संगठन कस्बों और देहात से लेकर मुख्यालय तक के बाजारों से साप्ताहिक बंदी की यह पाबंदी हटा लेने के लिए अधिकारियों के दर पर पहुंचकर गुहार लगा रहे थे। यहां तक की सोमवार को भी व्यापारियों के एक संगठन के पदाधिकारियों ने सीधे जिलाधिकारी उमेश मिश्रा से मिलकर ही उनको उनका आदेश कुछ दिनों के लिए स्थगित करने का आग्रह किया। इसके बाद अब जिले में बेहद सख्ती के साथ लागू किये जा रहे साप्ताहिक बंदी के फैसले पर अधिकारियों का रुख कुछ नरम पड़ा नजर आया है और होली व ईद जैसे प्रमुख कारोबारी अवसरों के लिए व्यापारियों को साप्ताहिक बंदी में भी अपने अपने प्रतिष्ठान खोलकर व्यापार करने की अनुमति दे दी गई है।

बता दें कि जनपद में साप्ताहिक बंदी के दिन श्रम विभाग के द्वारा सुनिश्चित करते हुए सभी क्षेत्रों में अलग अलग दिन इसका पालन करने की व्यवस्था बनाई गई थी, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही और अनदेखी के कारण जनपद में कहीं पर भी इसका साप्ताहिक बंदी व्यवस्था का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित नहीं हो पाने के कारण व्यापारियों की दुकानों और प्रतिष्ठानों पर कार्यरत कर्मचारियों को साप्ताहिक बंदी



का लाभ नहीं मिल पा रहा था। इसके लिए ये कर्मचारी समय समय पर आवाज भी उठाते रहे, लेकिन प्रशासन की कुंभकर्णी नींद के कारण उनकी आवाज सुनी ही नहीं जा रही थी। ऐसे में आए नये जिलाधीश उमेश मिश्रा ने इसका संज्ञान लिया और जनपद में मुख्यालय के शहर और नई मंडी क्षेत्र सहित सभी कस्बों के लिए साप्ताहिक बंदी के दिवस निर्धारित करते हुए इसको सख्ती के साथ लागू कराये जाने के लिए जिलाधिकारियों का दायित्व भी सुनिश्चित कर दिया। डीएम सख्त हुए तो उनके अधीनस्थों ने भी साप्ताहिक बंदी की व्यवस्था के लिए एडी चोटी का जोर लगा दिया और अधिकारी साप्ताहिक बंदी दिवस पर बाजारों में चैकिंग पर निकले तो व्यापारियों में भी दहशत बनी तथा साप्ताहिक बंदी दिवस का सख्ती के साथ अनुपालन कराते हुए बाजार बंद कराये गये तो कर्मचारियों की बरसों पुरानी मन की मुराद भी पूरी हो गई। ऐसे में अब जबकि होली और ईदुल फितर जैसे त्यौहार का अवसर सिर पर आ रहा है और बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है तो साप्ताहिक बंदी व्यापारियों को खल रही है, क्योंकि कारोबार का ये बड़ा अवसर साप्ताहिक बंदी की पाबंदी के कारण छूटता नजर आ रहा है। करीब एक पखवाड़े से व्यापारी संगठन कस्बों से लेकर मुख्यालय तक साप्ताहिक बंदी में त्यौहार को देखते हुए छूट देने की मांग कर रहे हैं। ऐसे में मंगलवार 11 मार्च को मुख्यालय पर साप्ताहिक बंदी दिवस में छूट की उम्मीद व्यापारियों ने लगाई थी। सोमवार को व्यापरी संगठन के लोगों ने जिलाधिकारी उमेश मिश्रा से उनके कार्यालय में मुलाकात की और त्यौहार सीजन में इस पाबंदी को हटाने का आग्रह किया। ऐसे में अब जिला प्रशासन ने व्यापारियों की भावना को सम्मान देते हुए होली और ईदुल फितर का त्यौहार देखते हुए जनपद में साप्ताहिक बंदी की पाबंदी को स्थगित करने का निर्णय लिया है। यानि की मंगलवार को शहरी क्षेत्र में पूरा बाजार खोलने की अनुमति रहेगी। हालांकि इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से कोई अधिकारिक आदेश जारी नहीं किया गया है, लेकिन मौन स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इससे जनपद भर के व्यापारियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है और त्यौहार सीजन में ग्राहकों को भी खरीदी करने का अवसर मिलेगा।

# खलनायक फिल्म का विलन बताने वाले मुजम्मिल उर्फ बल्लू सहित कई का खालापार पुलिस ने किया इलाज

**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)।** खालापार थाना क्षेत्र के मौहल्ला खादरवाला में तीन दिन पहले दबंगता दिखाते हुए मारपीट करने वाले युवकों व इंस्टाग्राम पर धमकी भरी रील बनाकर वायरल करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आपको बता दें कि लगातार गुण्डागर्दी की वीडियो मुजफ्फरनगर में आए दिन सामने आती रहती हैं। गुण्डागर्दी व मारपीट करते समय युवकों को न तो पुलिस का डर रहता और न ही अपने घर-परिवार के लोगों का। इसी क्रम में तीन दिन पहले खालापार थाना क्षेत्र के खादरवाला से एक वीडियो जारी हुई थी, जिसमें जमकर दूसरे गुट से मारपीट की जा रही थी। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और सोमवार को चार युवकों को गिरफ्तार कर



लिया। उक्त चारों युवक थाने में हाथ जोड़ते हुए दिखाई दिये और आईन्दा गुण्डागर्दी न करने की कसम खाई। फिलहाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गए आरोपी जमान हैदर, मोहसीन, अमन उर्फ साढू, मुजम्मिल उर्फ बल्लू हैं, जबकि मामले का मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। चारों आरोपियों का चालान कर जेल भेज दिया है।

# यूपी में बढ़ेगा जमीनों का सर्किल रेट, किसानों को मिलेगा लाभ

**लखनऊ, 10 मार्च (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में जमीनों के पुनरीक्षण का काम तेजी से चल रहा है। 15 महीने में 37 जिलों में यह पूरा कर लिया गया है। अन्य जिलों में जल्द ही पुनरीक्षण का काम पूरा कर लिया जाएगा। योगी सरकार इसे प्राथमिकता पर कर रही है। जिन जिलों में वर्षों से जमीनों के सर्किल रेट का पुनरीक्षण नहीं हुआ, वहां प्राथमिकता पर इसे पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है। कुछ जिलों में पुनरीक्षण प्रक्रिया जारी है। वहीं अन्य जिलों में भी इसे जल्द ही शुरू किए जाने की योजना है। जमीन के सर्किल रेट का पुनरीक्षण होने का किसानों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। कानून के अनुसार भूमि अधिग्रहण में किसानों को जमीन का सही मूल्य मिलने का मार्ग प्रशस्त होता है। किसानों को ध्यान में रखते हुए सर्किल रेट के पुनरीक्षण प्रक्रिया को जल्द पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश स्टांप (संपत्ति का मूल्यांकन) की द्वितीय संशोधन नियमावली-2013 नियम 4(1) के तहत डीएम द्वारा अगस्त के महीने में वार्षिक रूप से जिले के विभिन्न भागों में स्थित कृषि व अकृषक भूमि का न्यूनतम मूल्य प्रति हेक्टेयर/प्रति वर्गमीटर की दर निर्धारित किए जाने का उल्लेख है। आवश्यकता होने पर डीएम वर्ष के मध्य में भी सर्किल दर सूची का पुनरीक्षण का कार्य कर सकते हैं। ऐसे में प्रदेश में 1 जनवरी 2024 से लेकर अब तक 37 जिलों में जमीनों के सर्किल रेट के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। हाल ही में समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव ने पुनरीक्षण की कार्रवाई को तेजी से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया था। जिन जिलों में वर्षों से पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है, उनमें लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, बागपत, इटावा, कन्नौज, हापुड़, बुलंदशहर, मेरठ, महाराजगंज, कुशीनगर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, एटा, कासगंज, मुजफ्फरनगर, बदायूं, झांसी, जालौन, ललितपुर, संत कबीरनगर, कौशाम्बी व प्रयागराज आदि प्रमुख हैं। इन सभी जिलों में जल्द ही पुनरीक्षण की कार्रवाई शुरू की जाएगी। वहीं शामली, सहारनपुर, मीरजापुर, अलीगढ़, बांदा, हमीरपुर, आगरा, सुल्तानपुर, अमेठी व गौतमबुद्ध नगर समेत कई जिलों में फिलहाल पुनरीक्षण की प्रक्रिया जारी है।



# खुद को संजय दत्त की फिल्म खलनायक का विलन बताता था मुजम्मिल उर्फ बल्लू

**मुजफ्फरनगर।** खादरवाला मारपीट प्रकरण में वीडियो वायरल होने पर पुलिस द्वारा पकड़े गए चार आरोपियों में से एक आरोपी मुजिम्मल उर्फ बल्लू अपने आपको खलनायक फिल्म का विलन बताता था। इसी नाम से उसने वीडियो भी वायरल की थी। वर्ष 1993 में आई संजय दत्त की फिल्म ने पूरे देश में धूम मचाई थी। संजय दत्त के लम्बे बाल रखने का फैशन ऐसा चला था कि उन्हें कटवाने के लिए मुजफ्फरनगर में शहर कोतवाली में कोतवाल रहे किशन सिंह तालान ने चौराहों पर पकड़-पकड़कर युवकों के बाल कटवाए थे, मगर 31 साल बाद भी युवकों के दिलों दिमाग से संजय दत्त के उस किरदार की खुमारी नहीं उतरी। खादरवाला प्रकरण में जब मुजम्मिल ने इंस्टाग्राम पर धमकी देते हुए अपना वीडियो वायरल किया तो उस पर यह भी लिखा कि वह खलनायक फिल्म का बल्लू है, इसलिए वह किसी से डरता नहीं, मगर आज जब चारों को पकड़कर उनकी वीडियो बनवाई गयी तो ऐसा लगा कि जैसे थाने के अंदर बकरे मैं मैं कर रहे हों। हाथ जोड़कर गलती कबूलते चारों आरोपी साफतौर पर देखे जा सकते हैं।

# योगी सरकार में ही गौवंशों को कुत्ते रहे नोंच, नेता कर रहे मौज

**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)।** गौवंश सेवक व हिन्दू संगठन लगातार गौवंशों को बचाने में लगे हुए हैं मगर उन्हें जिस तरह की मदद डबल इंजन की सरकार के नेताओं से मिलनी चाहिए वह कहीं नहीं मिलती। स्वयं सड़कों पर भटककर आए गौवंशों की सेवा आए दिन करते दिखाई दे रहे हैं। कभी सड़कों पर घायल पड़े गौवंशों को कूकड़ा नंदी ट्रीटमेंट सेंटर ले जाकर उनका उपचार करना, कभी उनकी घास, पानी की व्यवस्था करना तो कभी मृत गौवंशों का अंतिम संस्कार करने की जिम्मेदारी उठाना। इन सब कामों में गौ सेवा कर रहे युवकों का पूरा-पूरा दिन लग जाता है। उक्त सेवा करने वाले न दिन देखते न रात। जिस समय भी सूचना मिलती है गौ सेवा के लिए तत्पर रहते हैं, लेकिन अफसोस इस बात का है कि जो योगी सरकार गौवंशों के लिए नई नई गौशालाएं बना रही है और 50 रुपये प्रतिदिन प्रति गौवंश के हिसाब से सेवाभाव से गौशालाओं व घर में गौ पालकों को दे रही है, उसके अनुरूप उनके नेता यदि गौवंशों की बदहाली पर थोड़ा सा ध्यान दे लें तो शायद मुख्यमंत्री का नाम और ऊंचा हो जाएगा और गौवंशों की रक्षा का पुण्य भी शायद नेताओं को मिलेगा। फिलहाल गौवंशों की सेवा करने वाले इन सेवकों को कई-कई बार फोन करके नगर पालिका से जेसीबी के लिए अनुरोध करना पड़ता है। कभी अधिकारियों का फोन उठता है, तो कभी मृत गौवंशों को उठाने के लिए चार चार घंटे जेसीबी का इंतजार करना पड़ता है। ऐसे में पवित्र मंशा से गौ सेवा योगी शासन में भी नहीं हो पा रही है। फिर चाहे नेता इस बात की दुहाई दें कि वे खूब कोशिशें कर रहे हैं, मगर धरातल पर ऐसा कुछ दिखाई नहीं पड़ता। जब उनके अधिकारी ही दो-दो घंटे में गौ सेवकों की कॉल नहीं उठाते तो इससे ही मंशा का पता लग जाता है।



### नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र में गौसेवकों और हिन्दू संगठनों ने मिलकर तीन गायों को मुक्त कराया

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने नई मण्डी थाना क्षेत्र में गौ तस्करी के लिए ले जाई जा रही गायों को मुक्त कराने का काम किया। हिन्दू संगठनों ने नई मण्डी क्षेत्र के बिलासपुर कट पहुंचकर एक पिकअप को पकड़ा तो उसमें तीन गौवंश हरिद्वार की ओर ले जाए जा रहे थे। जैसे ही हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मैक्स पिकअप के चालक को पकड़ने का प्रयास किया तो वह उनके हाथों से छूटकर फरार हो गया, जिसकी सूचना हिन्दू संगठनों ने पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुंची, जहां से पकड़े गए गौवंशों को गौशाला भिजवाया गया। गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नम्बर के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गौवंश सेवकों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। गौवंशों को बचाने में गौ सेवक अमन सोनकर, सचिन बिडला, राहुल आदि मौजूद रहे।




# जयेन्द्र कुमार बने एसडीएम जानसठ

**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने एसडीएम जानस के पद पर कार्य कर रहे पीसीएस अफसर सुबोध कुमार का गैर जनपद तबादला होने पर यहां नये एसडीएम की तैनाती कर दी है। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा सोमवार को एसडीएम मुख्यालय का कार्यभार संभाल रहे पीसीएस अफसर जयेंद्र कुमार को उप जिलाधिकारी जानसठ बनाया गया है। डीएम उमेश मिश्रा के द्वारा जारी किये गये तबादला आदेश में बताया गया कि जानसठ तहसील में एसडीएम के रूप में कार्य संभाल रहे सुबोध कुमार का सहारनपुर जनपद में स्थानांतरण होने के कारण उनको जनपद से रिलीव कर दिया गया है। इसके साथ ही जानसठ में नये एसडीएम के रूप में जयेन्द्र कुमार को तैनात किया गया है।

# तीन मंजिला मकान में लगी आग, वृद्ध की मौत

**फिरोजाबाद 10 मार्च (वार्ता)** फिरोजाबाद में थाना उत्तर क्षेत्र में रविवार रात जूता व्यवसायी के तीन मंजिला मकान में अचानक भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड और पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया प्रत्येक परिवार के लोगों को राहत कार्य के बाद घर से बाहर निकाल दिया गया जबकि एक वृद्ध की अंदर ही दम घुटने से मौत हो गई है। मकान में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। थाना उत्तर क्षेत्र के तहत मोहल्ला दुली में जूता व्यवसाय विनोद अग्रवाल के तीन मंजिला मकान में रविवार रात भीषण आग की लपटे देखकर मोहल्ले में अफरातफरी मच गई।






# बस्ती में कार-कंटेनर में टक्कर, 5 मरे 3 घायल

**बस्ती 10 मार्च (वार्ता),** उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह कंटेनर की चपेट में आने से कार सवार पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बस्ती-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोटवा के समीप एक कार कन्टेनर से भिड़ गयी। इस हादसे में कार सवार प्रेम चन्द्र पासवान निवासी ग्राम तरकुलही जसोपुर जनपद गोरखपुर,शिव राज निवासी ग्राम सबदेइया कला असमोली जनपद संभल,शकील,विश्व जीत के अलावा बहारन निवासी अज्ञात की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। तीन घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

# आग लगने से 5 लोगों की मौत

**रांची,10 मार्च (वार्ता)** झारखंड में गढ़वा जिले में रंका प्रखंड के गोदरमाना के मुख्य बाजार में एक पटाखे की दुकान में आग लगने से 5 लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोदरमाना मुख्य बाजार के कुश कुमार गुप्ता के दुकान में आज दिन में करीब 11:30 बजे आग लग गयी जिसके कारण दुकानदार कुश कुमार गुप्ता समेत 5 लोगों की मौत हो गयी।

Excellence begets Excellence
Estd.1996

**Shardein School**

Kahkashan Compound Opp. Company Garden Muzaffarnagar
Website :- www.shardeinschool.com

A Reputed English Medium Co-educational Sr. Secondary School Affiliated to CBSE, looking for Experienced Faculty to Strengthen up the present fraternity of teachers.

Required Educational qualification as per CBSE norms and 3 years teaching experience with fluency in English is must.

- PGTs for English, Physics, Psychology, Computer Science, Acountancy
- TGTs for Hindi, Maths, Science, S.St • French & German Language Teacher
- Special Educator, • Academic co-ordinator/Head Mistress for Primary Wing.

Fresher's with proven academic record can also apply.
Salary no constraint for experienced candidate.

Please forward your Resume with photograph within 7 days on the email : cvshardein@gmail.com or WhatsApp : 9927922322

Limited seats for Admission in higher classes for meritorious students. Contact - 9927922322



## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च, (बु.)।** गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहेः- ढैया 1338, रसकट ढैया 1270-1285, चाकू 1385-1538, लड्डू 1450-1511, खुरपापाड़ 1345-1365, शक्कर मसाला 1470-1495। आमद- 10000 मन।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 88100 | चांदी- | 97600 |
| सिक्का- | 10500 | गिन्नी- | 65750 |

## आपका आज का राशिफल

मंगलवार, 11 मार्च, 2025

**मेष-** भाग्योदय का मार्ग अवरुद्ध, बहुप्रतीक्षित कार्यों में अड़चने, स्वजनो से मनमुटाव, नवसमस्याएँ उपस्थित, राजनीतिक पक्ष से उलझने, अशांति भी।
**वृषभ-** मनोवांछित सफलता, नवीन योजनाओं की शुरूआत, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, परिवार में मंगल आयोजन सम्पन्न, उत्तरदायित्व निभाने से व्यवधान समाप्त।
**मिथुन-** व्यापार में धन निवेश, कठिनाइयों के निवारण हेतु प्रियजनों से अपेक्षित सहयोग, पठन-पाठन में रुचि, निजी जिन्दगी में सुख के जरूरी साधन सुलभ, यात्रा।
**कर्क-** विचारित योजना कार्य रूप में परिणित, व्यापारिक उन्नति, सहयोगियों से अपेक्षित सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, अध्यात्म के प्रति आस्था, शांति भी।
**सिंह-** परिस्थितियों में व्यतिक्रम, स्वास्थ्य विपरीत, कार्य सिद्धि में विलम्ब, क्रोध की अधिकता, प्रतियोगिता, में असफलता, मानसिक अशान्ति, यात्रा में असुविधा।
**कन्या-** दिन बेहतर, बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, प्रियजनों से प्रगाढ़ता, विवाद के समापन से शांति, विरोधी हानि पहुँचाने में विफल, मित्रों परिजनों का सहयोग।
**तुला-** योजना साकार होने की ओर, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, वरिष्ठजनों की सलाह से कामयाबी हासिल, दर्शनीय की यात्रा का प्रसंग उपस्थित, लाभ भी।
**वृश्चिक-** समय संतोषजनक, मित्रो-परिजनों से विचार-विमर्श, कार्य-व्यवसाय अर्थपक्ष में उन्नति का अवसर, मनो-विनोद के अवसर सुलभ, वैवाहिक संबंध में मधुरता।
**धनु-** आर्थिक पक्ष से असंतोष, धनागम में बाधा, किसी से विवाद की आशंका, शत्रु हानि पहुँचाने की दिशा में प्रयत्नशील, अनावश्यक भ्रमण, मित्रों से गलत फहमी।
**मकर-** आरोग्य सुख, कार्य-व्यवसाय में विस्तार, नौकरी में प्रोन्नति, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, अध्यावसाय की ओर रुझान, परोपकार की भावना जागृत।
**कुम्भ-** मनोवांछित सफलता का सुअवसर, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, पुराने विवाद का समापन, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, आवागम में अनुकूलता भी।
**मीन-** आर्थिक-व्यापारिक प्रगति, पूँजी का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क, कुछेक समस्याएँ हल, मनो-विनोद के सुअवसर, उत्साह में वृद्धि।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

**मुजफ्फरनगर बुलेटिन**
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने ^मुजफ्फरनगर बुलेटिन* प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को ^दैनिक बुलेटिन प्रेस* 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 9524/27/08/2020 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम हर्ष अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवदेन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।
**अंकित**
निवासी- ग्राम मेघा (बुच्चा बस्ती) डा0 पुरकाजी, जिला- मुजफ्फरनगर
मो. 8279498960

**सूचना**
मैं, अर्जुन पंवार (Arjun Panwar) पुत्र अरविन्द पंवार (Arvind Panwar), निवासी H.No. 1, टावर वाली गली, गांधी नगर, मुजफ्फरनगर 251001, यह घोषित करता हूँ कि मेरी 10वीं व 12वीं की अंकतालिका में मेरे पिता का नाम अरविन्द कुमार (Arvind Kumar) दर्ज है, जबकि आधार कार्ड व पैन कार्ड में अरविन्द पंवार (Arvind Panwar) सही नाम है। मैं अपने सभी दस्तावेजों में अपने पिता का नाम अरविन्द पंवार (Arvind Panwar) ही मान्य मानता हूँ।

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 5445 दिनांक 03/05/2013 में गलती से उसका नाम आशिता (AASHITA) दर्ज हो गया है। उसका वास्तविक नाम आशिता गुप्ता (AASHITA GUPTA) है। भविष्य में मेरी पुत्री को उसके नए नाम आशिता गुप्ता (AASHITA GUPTA), से ही जाना एवं पुकारा जाये। नाम संशोधन हेतु शपथ पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।
**ईवा गुप्ता (माता)**
171, संजय मार्ग, मुजफ्फरनगर
मो. 9997300336

# 291 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित

## नुमाइश पंडाल में आयोजित भव्य समारोह में बुढ़ाना विधायक राजपाल सिंह बालियान ने किया लाभान्वित





**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, स्मार्ट केंद्र एवं कान की मशीन इत्यादि उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन नुमाइश मैदान में किया गया। मुख्य अतिथि रालोद विधानमंडल दल के नेता बुढ़ाना विधायक राजपाल सिंह बालियान ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
इस कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरण समारोह में रालोद विधायक ने 209 ट्राई साइकिल, 42 व्हीलचेयर, 32 जोड़ा बैसाखी, 04 स्मार्ट केन, 03 कान की मशीन, एक ब्रेल लिपि किट सहित कुल 291 उपकरणों का वितरण किया।
कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक बुढ़ाना राजपाल बालियान ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा गरीब व असहाय व्यक्तियों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करते हुए समाज कल्याण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत दिव्यांग जनों को आज शिविर के मध्यम उपकरण वितरण कार्यक्रम किया जा रहा है। यह बहुत ही सराहनीय कार्य है, इन उपकरणों से अनेक दिव्यांगजनों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम जनपद, तहसील, ब्लॉक स्तर पर किए जाते हैं, ऐसे कार्यक्रमों में जन प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए। विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाये। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने अपने अपने विभाग के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी मौके पर दी। कार्यक्रम से पूर्व ताराचंद डिग्री कॉलेज की अध्यापिका तथा छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। संचालन बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ. राजीव कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुश्री दीक्षा उपाध्याय, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी शक्ति शरण, जिला पंचायत राज अधिकारी धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# गांव तिगाई में होलिका दहन को लेकर अफसरों ने निपटाया विवाद

### एडीएम (प्रशासन) व एसपी सिटी ने गांव में पहुंचकर दोनों पक्षों के लोगों से की वार्ता, होलिका दहन स्थल का निरीक्षण



**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)।** होलिका दहन को लेकर नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव तिगाई में बनी विवाद की स्थिति पर पुलिस और प्रशासन के अफसरों ने फोर्स के साथ गांव में पहुंचकर दोनों ही पक्षों के लोगों से मुलाकात करते हुए उनको आपसी सौहार्द्र और सहयोग के लिए मनाया तथा स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्था बनाने का काम किया। आगामी त्यौहार होली को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु एडीएम (प्रशासन) नरेन्द्र बहादुर सिंह एवं एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने थानाक्षेत्र नई मण्डी के ग्राम तिगाई में होलिका दहन स्थल का भौतिक निरीक्षण किया तथा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, साथ ही वहां उपस्थित सम्भ्रान्त व्यक्तियों व धर्मगुरूओं से वार्ता कर अपील की गयी कि सभी लोग एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखें, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों/असामाजिक तत्वों/किसी भी प्रकार की आपराधिक /अवांछित गतिविधियों के दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# तानाशाही के खिलाफ किसानों ने दिया छपार थाने में घुसकर धरना

### कहा-समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो 19 को होगी थाने पर महापंचायत

**छपार, 10 मार्च (बु.)।** सोमवार को सयुंक्त किसान मोर्चा के दर्जनों कार्यकर्ता छपार थाने पहुंचे। थाना प्रभारी ने थाने में धरना देने से रोकना चाहा और वार्ता करने की बात कही, परंतु किसानों ने वार्ता करने से इन्कार कर दिया और धरने पर बैठ गए। अंकित चौधरी ने कहा कि पुलिस किसानों के साथ तानाशाही कर रही है। पीड़ितों की सुनवाई नहीं की जा रही और आरोपितों को कुर्सियों पर बैठाया जा रहा है। रोजाना गांव में किसानों की ट्यूबवैलों पर चोरी हो रही हैं, परंतु राजफाश नहीं हो रहा। गांव दत्तियाना, खोजानगला, रेई, बरला, खुड्डा, बसेड़ा में सैकड़ों ट्यूबवेलों में चोरी हो चुकी है। इससे किसानों में रोष है। गांव खोजानंगला में एक सप्ताह पूर्व दो पक्षों में मारपीट हुई, शिकायत के बावजूद पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है। रामपुर तिराहा चौकी प्रभारी पर किसानों से दुर्व्यवहार करने का भी आरोप लगाया। कहा कि होली का त्यौहार भी थाने पर ही मनाया जाएगा और 19 मार्च को छपार थाने पर संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में महापंचायत की जाएगी। अक्षय त्यागी ने कहा कि छपार थाना प्रभारी तानाशाही का रवैया अपना रहे हैं, किसानों को धरना देने से रोकने का प्रयास किया, फोर्स बुलाने की धमकी दी गई, परंतु किसान जेल जाने से नहीं डरते हैं। बाद में थाना प्रभारी विकास यादव ने किसानों से वार्ता कर सभी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। अध्यक्षता खुर्शीद प्रधान व संचालन पिन्टू ने किया। इस दौरान सुरेंद्र रावल, सलमान, सोनू दत्तियाना, काला प्रधान, अर्जुन प्रधान, वसीम खान, राजवीर सिंह, धमेंद्र दत्तियाना, सुलेमान, हुसैन बागोवाली मौजूद रहे।

## पिता ने मोबाइल इस्तेमाल करने पर डांटा, 11वीं में पढ़ रही बेटी ने की आत्महत्या

**मंडी, 10 मार्च (एजेंसी)।** पिता ने मोबाइल इस्तेमाल को डांटा तो बेटी ने आधी रात को खौफनाक कदम उठा लिया। पिता से नाराज होकर रविवार रात को किराये के कमरे से निकलकर मंडी शहर के पुराने विक्टोरिया पुल से ब्यास नदी में छलांग लगा दी। बेटी के लापता होने पर परेशान पिता पुलिस के पास पहुंचा तो सीसीटीवी से उसके ब्यास नदी में छलांग लगाने का पता चला। इससे पिता के पैरों तले जमीन खिसक गई। एसडीआरएफ टीम ने कई घंटों की मेहनत के बाद युवती के शव को घटनास्थल से करीब 800 मीटर दूर बरामद किया। 11वीं कक्षा की छात्रा के इस कदम से हर कोई हैरान है। जानकारी के अनुसार गोहर उपमंडल की नव्या शर्मा (16) पुत्री रोहित शर्मा निवासी गांव भवानीपुर डाकघर देवनगर तहसील चच्योट जिला मंडी अपने पिता के साथ मंडी शहर में किराये के मकान में रहती थी। रविवार को पिता ने उसे मोबाइल इस्तेमाल को लेकर डांट दिया। इसी से नाराज होकर अचानक नव्या अपने किराये के कमरे से गायब हो गई। इससे चिंतित पिता ने उसे ढूंढा, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया।

# सीएमओ ने सीएचसी चरथावल का औचक निरीक्षण किया



**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)।** सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया के द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरथावल का औचक निरीक्षण किया गया, जहां पर उनके द्वारा स्वास्थ्य केंद्र का गहनता के साथ निरीक्षण कर प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सतीश कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया के द्वारा आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरथावल का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य केंद्र के समस्त अधिकारी और कर्मचारियों को कहा कि वह अपनी कार्यशैली की गुणवत्ता को और अधिक सुधारने का प्रयास करें। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वैक्सीन कोल्ड चेन, औषधियों के रखरखाव, उपस्थिति पंजिका, आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने समस्त चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अपनी निर्धारित वेशभूषा में ड्यूटी करना सुनिश्चित करें। सीएमओ द्वारा चरथावल ब्लाक में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रोहाना व आयुष्मान आरोग्य मंदिर बहेड़ी का औचक निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को ससमय उपस्थित होकर पूरी निष्ठा और लगन से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के समय उनके साथ मनोज कुमार भी उपस्थित रहे।

# खनन की ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध की गई कार्यवाही



**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)। सोमवार को डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर खनन की ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई, जिसमें खनन के 19 वाहनों का चालान किया गया एवं एक अन्य वाहन को ओवरलोड पाए जाने पर निरुद्ध किया गया। कुल 20 वाहनों पर कार्यवाही की गई तथा जुर्माना 18 लाख 75 हजार 550 रुपए आरोपित किया गया। यह कार्यवाही खनन विभाग, पुलिस विभाग एवं जिला प्रशासन के साथ संयुक्त रूप से की गई।**

# व्यापारियों ने किया कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन

## साप्ताहिक बंदी में छूट दिलाने व ई-रिक्शा संचालन में राहत की मांग



**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की ओर से सोमवार को व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं के निदान कराने की मांग को लेकर डीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मौजूद व्यापारियों ने व्यापार मंडल के वरिष्ठ प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अशोक कंसल के नेतृत्व में डीएम उमेश मिश्रा से मुलाकात की। डीएम से मिले इन व्यापारियों ने होली और ईद जैसे महत्वपूर्ण त्यौहारों का हवाला देते हुए इस बीच साप्ताहिक बंदी में व्यापारियों को छूट दिए जाने की मांग की। डीएम को सौंपे 7 सूत्रीय मांग पत्र में व्यापारियों ने जनपद की ज्वलंत समस्याओं का समय रहते निदान कराए जाने की मांग की।
सोमवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले दर्जनों व्यापारियों ने डीएम उमेश मिश्रा को जनपद से जुड़ी समस्याओं के निदान कराने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। पूर्व विधायक अशोक कंसल के नेतृत्व में मिले व्यापारियों ने साप्ताहिक बंदी में होली व ईद के चलते राहत दिए जाने, व्यापार बंधु की बैठक उद्योग बंधु की बैठक की तरह किए जाने की मांग के साथ जिले में विद्युत पोल व जर्जर तारों को बदलने के दौरान विद्युत आपूर्ति बाधित होने से आने वाली तमाम समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। इसके अलावा जिले व कस्बों में जर्जर खंभों को बदलने के साथ जर्जर हो चुके तारों को बदले जाने की मांग की। व्यापार मंडल ने नगरीय क्षेत्र में अवैध ई-रिक्शा संचालन पर प्रतिबंध लगाए जाने का स्वागत करते हुए बच्चे, बुजुर्गों के साथ महिलाओं का ध्यान रखते हुए नगर क्षेत्र में ई-रिक्शा संचालन के लिए मुख्य बाजारों व मार्गो पर रूट तय किए जाने के साथ संचालन कराए जाने की मांग की। व्यापारियों ने नावल्टी चौक से हनुमान मंदिर तक प्रतिबंधित मार्ग पर जरुरत के आधार पर भविष्य में ई-रिक शा संचालन कराए जाने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से श्याम सिंह सैनी, अजय सिंघल, प्रवीण खेड़ा, सुलखन सिंह नामधारी, राकेश गर्ग, दिनेश बंसल, बाबूराम मलिक, संजय मित्तल, पंकज शर्मा, अलका शर्मा, अंजू शर्मा, हिमांशु कौशिक, शोभित गुप्ता, अनिल तायल, मनोज गुप्ता, अमित मित्तल, पंकज अपवेजा, विकास अग्रवाल, रामपाल सेन, अशोक छाबड़ा, पवन छाबड़ा, अभिजीत गंभीर व कुणाल आदि मौजूद रहे।

## पत्नी का गला काटकर की हत्या, नौ साल बाद गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 10 मार्च (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस ने वर्ष 2016 में पत्नी की हत्या कर फरार होने वाले पति सुनील कुमार उर्फ शैलेंद्र कुमार राउत को नौ साल बाद बिहार से गिरफ्तार किया है। आरोपी छह महीने की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस की पकड़ में आया है। इसने पत्नी का काटा काटकर प्लास्टिक के बोरे में किराए के मकान में रख दिया था। दिल्ली पुलिस ने इसकी गिरफ्तारी पर 25,000 रुपये का इनाम रखा हुआ था। अदालत ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम के अनुसार, रणहौला के दास गार्डन क्षेत्र में एक किराये के मकान में 18 अक्तूबर, 2016 को एक महिला का शव मिला था। उसका गला कटा हुआ था। शव खून से लथपथ एक प्लास्टिक की बोरी में था। जब बंद कमरे से दुर्गंध आन लगी तो मालिक को इसका पता लगा। महिला का पति सुनील कुमार फरार था। हत्या के बाद, आरोपी अपनी चार साल की बेटी को अपने साथ लेकर फरार हो गया था। शाखा की आइएससी में तैनात इंस्पेक्टर सतेंद्र मोहन और इंस्पेक्टर पवन कुमार की टीम भगोड़ा आरोपियों की जांच कर रही थी। पुलिस टीम को पता लगा कि आरोपी बिहार के शेखूपुर इलाके में छिपा हुआ है।

# सेमेस्टर परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग, छात्रों ने सौंपा ज्ञापन



**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)।** राष्ट्रीय लोकदल छात्र सभा के बैनर तले सोमवार को छात्रों ने डीएम कार्यालय पर पहुंच विरोध प्रदर्शन किया। डीएम के नाम प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में इन तमाम छात्रों ने मां शाकुम्भरी यूनिवर्सिटी द्वारा परीक्षा परिणाम आने से पूर्व ही एग्जाम फार्म को निकाल दिए जाने का विरोध दर्ज कराते हुए व्यवस्था में सुधार कराए जाने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने एक सेमेस्टर से दूसरे सेमेस्टर के बीच की समय सीमा का हवाला देते हुए सुधार कराए जाने की मांग की। राष्ट्रीय लोकदल छात्र सभा के जिलाध्यक्ष सार्थक लाटियान ने बताया कि सभी कॉलेजों में अभी हाल में परीक्षाएं समाप्त हुई है और मां शाकुम्भरी यूनिवर्सिटी ने अगले सेमेस्टर के एग्जाम फॉर्म की तिथि तय कर दी है, जिससे छात्रों में असमंजस की स्थिति भी बनी हुई है। 5 सेमेस्टरों के एग्जाम 8 मार्च को समाप्त हुए हैं और 6 सेमेस्टर की अंतिम तिथि 10 मार्च घोषित है। ऐसे में इतने कम समय में छात्र अपनी फीस और अगली परीक्षा के तैयारी कैसे कर सकते है। ऐसे में इन छात्रों ने परीक्षा की तिथि को बढ़ाए जाने की मांग की। छात्र-छात्राएं डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन के बीच मौजूद रही।

## संभल में जामा मस्जिद से 20 कदम दूर बच्चों ने खेली होली

**संभल, 10 मार्च (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में इस बार होली पर्व का उल्लास है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होली की एकादशी का रंग खेला जा रहा है। बरसों पुरानी परंपरा को पुराने अंदाज में मनाया जा रहा है। सोमवार को संभल की सदर कोतवाली इलाके के मोहल्ला कोट पूर्वी स्थित जामा मस्जिद से 20 कदम की दूरी पर बच्चे एकादशी का रंग खेलते दिखाई दे रहे हैं। सुरक्षा के लिहाज से इलाके में पुलिस फोर्स तैनात है। चप्पे-चप्पे पर पीएसी और आरआरएफ के अलावा कई थानों की पुलिस तैनात है। इसके अलावा ड्रोन से पूरे इलाके की निगरानी की जा रही है। प्रशासन ने इस मौके पर निकाली जाने वाली चौपाई यात्रा को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हुए हैं। संभल के अरढ़ श्रीश चंद्र ने कहा कि "सभी जगह पूर्ण शांति है और एकादशी के पर्व पर सभी लोग अपना त्योहार मना रहे हैं। पूरे संभल में रंग चल रहा है और सभी जगह शांति है। पूर्ण कुशलता और उल्लास के साथ लोग रंग खेल रहे हैं। यहां सभी वर्ग सुरक्षित हैं।

# भंडूरा में पीएसी के जवान का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार



**जानसठ, 10 मार्च (बु.)।** गांव भंडूरा में रविवार की देर रात को पोस्टमार्टम होने के बाद पीएसी के जवान अंकुर कुमार का शव गांव में पहुंचा तो, परिवार में कोहराम मच गया और ग्रामीणों की भीड़ लग गई। गांव में सोमवार की सुबह पीएसी के जवानों ने पार्थिव शरीर को सलामी दी, जिसके बाद राजकीय सम्मान के साथ जवान के शव का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। बता दें कि सिखेड़ा क्षेत्र के गांव भंडूरा निवासी पीएसी के जवान अंकुर कुमार (26) पुत्र राकेश कुमार की फिलहाल तैनाती लखनऊ में स्थित मुख्यमंत्री के आवास सुरक्षा में थी। रविवार की सुबह जनपद बरेली के थाना मीरगंज क्षेत्र के गोला रेलवे फाटक पर जवान का शव पुलिस को पड़ा मिला था। रविवार की देर रात को बरेली से पोस्टमार्टम होने के बाद जवान का शव गांव भंडूरा में पहुंचा। सोमवार की सुबह जवान के शव का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# बुढ़ाना में शुरू किया जीआईएस बेस्ड गृहकर सर्वे

**बुढ़ाना, 10 मार्च (बु.)।** गृहकर निर्धारण किये जाने एवं नगरवासियों को अन्य सुविधाएं प्रदान किये जाने के लिए नगर पंचायत बुढ़ाना की टीम द्वारा सोमवार के दिन जीआईएस बेस्ड गृहकर सर्वे शुरू किया गया, जिसके लिये बुढ़ाना नगर पंचायत द्वारा बनाई गई कई टीमों के सभी सदस्यों के द्वारा कस्बा बुढ़ाना में घर-घर जाकर जानकारी इकट्ठा की गयी। टीम द्वारा डोर टू डोर घूमकर नगर पंचायत के 01 से 17 वार्डों में वार्डवार आवासीय एवं व्यावसायिक घरों के सर्वे का कार्य शुरू किया गया। सर्वे के दौरान आवासीय एवं व्यवसायिक घरों के डिटेल के साथ भवन स्वामी से उनका आधार संख्या और मोबाइल नंबर संकलन किया जा रहा है और साथ ही सर्वे वाले घर तक सड़क, नाला, बिजली, नल जल योजना से पानी की सप्लाई आदि सुविधा है या नहीं यह डिटेल्स भी ऑनलाइन एप पर भरी जा रही है। वार्ड नंबर-16 के लोग टीम का सहयोग करते देखे गये। टीम में साजिद खान, नितिन सैनी, मंजूर अहमद और मनोज कुमार आदि हैं। वहीं इसके लिये नगर पंचायत बुढ़ाना के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन के द्वारा बुढ़ाना कस्बे के सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा की गयी है। उन्होंने कहा कि बुढ़ाना नगर पंचायत की टीम द्वारा जानकारी मांगे जाने पर सही-सही सूचनाऐं उपलब्ध करायें, जिससे नगरवासियों को अधिक से अधिक जन सुविधाऐं उपलब्ध कराई जा सकें। बुढ़ाना नगर पंचायत द्वारा ये अभियान वर्ष 2014-15 में भी किया गया था। अब यह गृहकर निर्धारण कार्य दोबारा कराया जा रहा है।

## पूजा अर्चना करने के बाद चुलकाना धाम के लिए रवाना हुए 27 श्रद्धालु

**बुढ़ाना, 10 मार्च (बु.)।** कस्बे के नदी वाला मंदिर रोड से सोमवार की अल सुबह एक प्राइवेट बस चुलकाना धाम यात्रा के लिए रवाना हुई, जिसमें 27 श्रद्धालु रवाना हुए। बस को हरी झंडी अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना ईकाई रजिस्टर्ड के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल ने दिखाई और बस को चुलकाना धाम के लिए रवाना किया। बुढ़ाना कस्बे से एक बस तीर्थयात्रियों को लेकर चुलकाना धाम के लिए रवाना हुई। यह बस अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना ईकाई रजिस्टर्ड के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल के नेतृत्व में गयी। इस दौरान अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बुढ़ाना ईकाई रजिस्टर्ड के अध्यक्ष संजीव कुमार संगल?ने बताया कि उन्होंने चुलकाना धाम जाने से पहले कस्बा बुढ़ाना में स्थित हरनंदेश्वर धाम में सभी श्रद्धालुओं के साथ पहुंचकर पूजा-अर्चना की और उसके बाद सभी को बारी-बारी से तिलक लगाया। उसके बाद सभी ने लाइन में लगकर राधा कृष्ण भगवान के दर्शन किये और प्रसाद चढ़ाया। फिर उसके बाद मन्दिर के पुजारी से आशीर्वाद लिया। देश, घर व परिवार में सुख शांति बनी रहे इसके लिए भक्तों ने राधा कृष्ण भगवान से प्रार्थना की। यहां संजीव कुमार संगल, अजय शर्मा, जय कुमार, सोनू प्रजापति, संजय गर्ग, नोनू गर्ग, लाला सलेक, लाला राजकुमार, राहुल, वेद प्रकाश, अनुराग संगल, लोकेश, अजय, नीरज, आकाश, मानस, डाक्टर प्रमोद, सचिन, सुभाष रीटा, राधा, चंदा गर्ग, बबली, अनिता, अंजुल व राजकुमारी आदि भक्त मौजूद रहे।

# बीना शर्मा ने दो टीबी मरीजों को पोषण पोटली का किया वितरण



**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)।** समाज सेवा के क्षेत्र में सराहनीय पहल करते हुए समाजसेविका बीना शर्मा ने आज दो टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित की और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर बीना शर्मा ने कहा कि टीबी के मरीजों को उचित पोषण और देखभाल की आवश्यकता होती है। पोषण पोटली में जरूरी विटामिन, प्रोटीन युक्त आहार और ऊर्जा बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थ शामिल किए गए हैं, जिससे मरीजों को जल्दी रिकवरी में मदद मिलेगी। मरीजों और उनके परिजनों ने इस पहल के लिए बीना शर्मा का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के सहयोग से मरीजों को न सिर्फ पोषण मिलेगा, बल्कि उनके भीतर जल्दी ठीक होने की उम्मीद और आत्मविश्वास भी जागेगा। जिला क्षय रोग विशेषज्ञ डॉ. लोकेश गुप्ता ने बताया कि टीबी के इलाज में पोषण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस तरह की पहल से मरीजों को न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूती मिलती है। लोगों से अपील की है कि वे टीबी मरीजों को अपनाकर उनके उपचार और पोषण में योगदान दें, ताकि समाज को टीबी मुक्त बनाने का सपना साकार हो सके।

# रंगभरी एकादशी पर भगवान श्रीकृष्ण की भव्य पालकी यात्रा में भजनों पर जमकर नाचे श्रद्धालु



**मीरापुर, 10 मार्च (बु.)।** रंगभरी एकादशी के अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। बैंड बाजों से सुसज्जित यात्रा में भक्तों ने फूलों व अबीर-गुलाल से जमकर होली खेलते हुए उत्सव मनाया।
रंगभरी एकादशी के अवसर पर कस्बे में श्री हरि संकीर्तन मण्डल के तत्वावधान में आयोजित पालकी यात्रा का शुभारंभ मीरापुर इंस्पेक्टर बबलू कुमार वर्मा ने किया। पालकी यात्रा सत्संग भवन से शुरू होकर श्री महाकाली मंदिर पर सम्पन्न हुई। इस दौरान कृष्ण भक्तों ने फूलों व रंग गुलाल से जमकर होली खेली तथा भक्तिरस का आनंद लिया। पालकी यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं-पुरुष व बच्चें रंग व गुलाल उड़ाते हुए भगवान की भक्ति में मस्त होकर नृत्य कर रहे थे। नगरवासियों ने अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा व जलपान कराकर यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान धनश्याम दास अग्रवाल, मोहित लखोटिया, नीरज शारदा, नरेश रस्तौगी, सुनीलदत्त शर्मा, दिनेश गंगपुरी, अभिषेक गर्ग, पूर्व चेयरमैन नवीन सैनी, आर्यन शर्मा, प्रदुमन शर्मा, मूलचंद शर्मा, अनिल नंदवानी, प्रशान्त अग्रवाल, विकास गोयल, अंशुल अग्रवाल वासुदेव शर्मा आदि शामिल रहे।

## मेरठ के नए शहर काजी सालेकिन

**मेरठ, 10 मार्च (एजेंसी)।** मेरठ शहर काजी प्रोफेसर जैनुस साजिद्दीन का सोमवार को इंतकाल हो गया। सुपुर्दे खाक से पहले शाम के समय ऐलान किया गया कि प्रोफेसर जैनुस साजिद्दीन के बेटे प्रोफेसर सालेकीन सिद्दीकी नए शहर काजी होंगे। गुजारिश की थी कि जनपद में मिली जुली आबादी में स्थित मस्जिदों में जुमे की नमाज का वक्त बदल लें।

**बेदखली सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र मोहित मेरे कहने-सुनने में नहीं है। इसलिए मैंने उसको अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मैंने अपने पुत्र मोहित से अपने समस्त सम्बन्ध समाप्त कर लिये है। यदि मेरा पुत्र कोई गलत कार्य या किसी प्रकार का कोई लेन-देन करता है, तो उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
**संगीता पत्नी रोहिताश कुमार**
ग्राम– तिस्सा, थाना– भोपा
मुजफ्फरनगर

# पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते 2 युवक दबोचे




**बुढ़ाना, 10 मार्च (बु.)।** पुलिस ने एक मकान में जुआ खेल रहे 2 युवकों को दबोच लिया। पुलिस ने दोनों युवकों को लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है।
मिली जानकारी के अनुसार सोमवार के दिन किसी मुखबिर द्वारा बुढ़ाना पुलिस को सूचना दी गयी की बुढ़ाना निवासी सोनू पुत्र तेजपाल के घर पर बुढ़ाना कस्बा निवासीगण कैलाश उर्फ बिल्लू पुत्र तेजपाल और सतपाल पुत्र देवीदास जुआं खेल रहे हैं। तब सीओ गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज ललित कसाना, दारोगा नंद किशोर, कांस्टेबल विजय कुमार और हरीश पाल सिंह के बताए गये घर पर पहुंचकर छापामार कार्यवाही की तो सूचना सही पायी गयी, जिसमें पुलिस को कैलाश और सतपाल जुआ खेलते मिले। पुलिस टीम वे मौके से 3 हजार रुपये से अधिक की नगदी, सट्टे की दो पर्ची, एक कापी और एक पेन बरामद किया। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया। दोनों आरोपियों को छुड़ाने के लिए दलाल सक्रिय रहे, लेकिन कस्बा इंचार्ज ललित कसाना ने दलालों को भगा दिया। वैसे पुलिस को उक्त मकान से सट्टे की खाईबाड़ी और जुआ खेलने की शिकायत पहले से ही मिल रही थी।

# छेड़छाड़ के आरोपित मुस्लिम समुदाय के युवक को भेजा जेल

**जानसठ, 10 मार्च (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ मुस्लिम युवक के द्वारा छेड़छाड़ करने का आरोप लगाकर तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रविवार को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में देकर बताया था कि गांव के ही मुस्लिम युवक ने उसकी 13 वर्षीया पुत्री के साथ छेड़छाड़ कर दी है। उसने उसकी पुत्री के साथ बलात्कार करने का भी प्रयास किया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया था। कोतवाली प्रभारी राजीव शर्मा ने बताया कि चांद पुत्र मुन्ना के खिलाफ छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। चांद को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## भारत तीसरी बार आईसीसी चैंपियन

भारतीय क्रिकेट टीम ने तीसरी बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। क्रिकेट की दुनिया में भारतीय टीम इकलौती है, जिसने तीन बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है। इससे पहले 2002 में भारत, श्रीलंका के साथ चैंपियंस ट्रॉफी का संयुक्त विजेता बना था। वहीं 2013 में धोनी की अगुवाई में टीम इंडिया चैंपियन बनने में कामयाब रही थी। इस जीत के साथ भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 25 साल पहले चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में मिली हार का हिसाब भी बराबर कर लिया, तब साल 2000 में न्यूजीलैंड भारत को चार विकेट से मात देकर चैंपियन बना था। चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था, पहले पावरप्ले में तो ओपनर्स विल यंग और रचिन रविंद्र ने कप्तान सैंटनर के फैसले को सही साबित किया, लेकिन कप्तान रोहित शर्मा को वरुण चक्रवर्ती ने एक बार फिर अहम मौके पर सफलता दिलाई। वरुण ने 8 वें ओवर की पांचवीं गेंद पर विल यंग को पवेलियन वापस भेजा। पहले पावरप्ले का अंत होते ही कप्तान रोहित शर्मा ने कुलदीप यादव पर दांव लगाया। रोहित शर्मा का यह दांव काम कर गया और उन्होंने मैच में अपनी पहली ही गेंद पर रचिन को बोल्ड कर दिया। न्यूजीलैंड की पारी संभल पाती, इससे पहले कुलदीप यादव ने अपने अगले और न्यूजीलैंड की पारी के 13 वें ओवर में विलियमसन को भी अपनी गेंद पर कैच करके वापस भेज दिया। कुलदीप यादव के इन दो विकेट के बाद भारत न्यूजीलेंड पर हावी हो गया था। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राहुल गांधी ने टीम इंडिया को जीत के लिए बधाई दी। पीएम मोदी ने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि शानदार मैच और शानदार नतीजा। चैंपियंस ट्रॉफी को घर वापस लाने के लिए टीम और खिलाड़ियों पर गर्व है। पूरे टूर्नामेंट में टीम ने शानदार खेल दिखाया। इस बार की चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी पाकिस्तान कर रहा था, लेकिन भारत के पाकिस्तान जाने से इन्कार के बाद कुछ मैच दुबई में शिफ्ट करने पड़े थे। भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले। भारत के फाइनल में पहुँचने ही के कारण फाइनल भी दुबई में हुआ। भारत के इस रुख को लेकर पाकिस्तान के लोग खासी नाराजगी जता रहे थे। भारत से खेलने के लिए पाकिस्तानी टीम के दुबई जाने से पहले पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर सकलैन मुश्ताक ने कहा था, मुझे उम्मीद है कि उन्हें ठीक से सबक सिखाएंगे, लेकिन उनकी इच्छा पूरी नहीं हुई और भारत ही ने उन्हें सबक सिखा दिया। पाकिस्तानी टीम, भारतीय टीम के आगे टिक न पाई और हार गयी, इतना ही नहीं पाकिस्तानी टीम टूर्नामेंट से बाहर हो भी गयी और फाइनल से भी पाकिस्तान बाहर हुआ। पाकिस्तानियों ने इस हार से खीज कर अपने टीवी भी खूब तोड़े। सकलैन मुश्ताक ने फाइनल में भारतीय टीम की जीत के बाद भी अहमकाना बयानबाजी की। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम-उल-हक ने कहा कि ठीक है कि कुछ चीजें भारत के पक्ष में थीं, लेकिन उसके बावजूद सारी टीमों को हराना और इस तरह खेलना, क्रेडिट तो जाता है। रोहित ने खुद भी बढ़िया खेला और टीम को भी अच्छे से मैनेज किया। भारत की तारीफ होनी चाहिए। बहुत दफा ऐसा होता है कि आप अपने देश के भीतर भी सिरीज हार जाते हैं। जीतने के लिए आपको अच्छा क्रिकेट खेलना ही पड़ता है। इंजमाम-उल-हक ने कहा कि जिस तरह न्यूजीलैंड ने शुरूआत की थी, उसमें अगर 280 रन बना लेता, तो भारत के लिए चुनौती बढ़ जाती। भारत ने इस स्टेडियम में 250 के उच्चतम स्कोर को चेज किया है। ये भी भारत ने 49 ओवर में किया। अगर भारत के सामने 280 प्लस का लक्ष्य होता तो आसान नहीं होता। भारत के दो स्पिनर्स ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया। भारत की जीत में ऑलराउंड प्रदर्शन बेहतरीन था। पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज शोएब अख़्तर ने सवाल उठाया है कि पाकिस्तान होस्ट था, लेकिन फाइनल मैच में ट्रॉफी देते वक्त पाकिस्तान का कोई भी प्रतिनिधि क्यों मौजूद नहीं था? शोएब अख़्तर ने कहा कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी हिन्दुस्तान ने जीत ली है, लेकिन एक अजीब सा वाकया हुआ। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का कोई भी नुमाइंदा वहाँ खड़ा नहीं था। ऐसा तब है, जब पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी होस्ट कर रहा था। ये बात मेरी समझ से बाहर है कि कोई ट्रॉफी देने क्यों नहीं आया? मुझे लगता है कि यहाँ पाकिस्तान को होना चाहिए था। 25 साल पहले,15 अक्तूबर 2000 को जिमखाना क्लब ग्राउंड, नैरोबी में आईसीसी नॉकआउट, जिसे बाद में चैंपियंस ट्रॉफी नाम दिया गया, उस मुकाबले का फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया था, तब न्यूजीलैंड की टीम ने बेहद रोमांचक मुकाबले में भारत को चार विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया था। करीब 25 साल पहले 15 अक्तूबर, 2000 को नैरोबी में चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम फाइनल तक पहुंची थी, यह किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं था। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज रहे जॉन राइट और सौरव गांगुली की जोड़ी ने मोर्चा संभाला था और चैंपियंस ट्रॉफी वो पहली सिरीज थी, जहां से इन दोनों का इम्तिहान शुरू हुआ था। ऐसे इम्तिहान में सौरव गांगुली ने खुद को बखूबी साबित किया। पहले तो उन्होंने सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पारी की शुरूआत करते हुए 142 गेंदों में 141 नाबाद रनों की पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 11 चौके और छह जबर्दस्त छक्के जमाए, वो पारी की शुरूआत से अंत तक क्रीज पर जमे रहे और भारतीय टीम का स्कोर 295 रन तक पहुंचा दिया, जो दक्षिण अफ्रीकी टीम की पहुंच से काफी दूर रहा। फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड के सामने भारतीय टीम को सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली ने शानदार शुरूआत दी। दोनों ने 27वें ओवर तक भारत के लिए 141 रन जोड़ दिए। सचिन तेंदुलकर 83 गेंदों पर 69 रन बनाकर आउट हुए। वो रन आउट हुए थे, नहीं तो उनको आउट करना किसी कीवी गेंदबाज के बस में नहीं लग रहा था। इस फाइनल मुकाबले में भी उन्होंने वही दम दिखाया। 130 गेंदों में नौ चौके और चार छक्के की मदद से उन्होंने 117 रन की पारी खेली। किसी आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल के दबाव के सामने शतक की उपलब्धि कितनी बड़ी है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि भारतीय टीम दुबई में होने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल से पहले अब तक 11 बार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में शिरकत कर चुकी है, लेकिन अब तक भारत की ओर से फाइनल मुकाबले में कोई दूसरा शतक नहीं बन पाया है। सौरव गांगुली का रिकॉर्ड आज तक बना हुआ है।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'जरूरत' 'दुनिया' 'मोहब्बत' 'चाहत'

जरूरत कर सको पूरी, तभी आगे को चलना तुम,
जरूरत पर टिके रिश्तों की दुनिया में जरूरत है।
मोहब्बत और चाहत में, जरा सा भेद है प्यारे,
मोहब्बत अब नहीं मिलती जो मिलती है वो चाहत है।






# आईआईए द्वारा भव्य होली कार्निवल का आयोजन सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बुस.)।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) द्वारा होली के शुभ अवसर पर एक भव्य होली कार्निवल का आयोजन मेरठ रोड स्थित एक होटल में किया गया। इस आयोजन में आईआईए परिवार के सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। होली कार्यक्रम का शुभारंभ आईआईए चैप्टर चेयरमैन पवन कुमार गोयल ने किया और सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आईआईए न केवल व्यापारिक उन्नति के लिए बल्कि सामाजिक और पारिवारिक एकता के लिए भी निरंतर कार्य करता रहता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने उपस्थित आईआईए परिवार के विशाल जनसमूह को बधाई देते हुए कहा कि आईआईए न केवल उद्योग जगत की प्रगति में अग्रसर है, बल्कि अपने सदस्य परिवारों के लिए भी हर वर्ष भव्य और मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। इस अवसर पर आकाश बंसल को बिजनेस अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजवी जैन ने अपनी शानदार नृत्य प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। आईआईए के पूर्व चेयरमैन विपुल भटनागर द्वारा गाए गए, होली गीत ने समां बांध दिया और सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। आईआईए के युवा उद्यमियों ने फिल्म शोले की कॉमेडी और डांस प्रस्तुति देकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। यह प्रस्तुति कार्निवल का मुख्य आकर्षण बनी और सभी ने खूब प्रशंसा की। बड़ी स्क्रीन लगाकर क्रिकेट मैच का लाइव प्रसारण दिखाया गया और सभी ने जीत का उत्सव मनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन आईआईए युवा विंग के कोऑर्डिनेटर अमन गुप्ता ने किया और आईआईए सचिव अमित जैन ने सभी अतिथियों और सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, जीतने वाले सभी प्रतिभागियों को गोल्ड, सिल्वर और कांस्य मेडल देकर सम्मानित किया गया।

बंपर लकी ड्रॉ में तीन स्मार्ट वॉच सीए मुकेश सिंघल वुड़ लाइफस्टाइल नोएडा द्वारा भेंट की गईं। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रीय महासचिव अश्वनी खंडेलवाल, पूर्व चेयरमैन कुश पुरी, नवीन जैन, नवीन अग्रवाल, मनोज अरोरा, सुधीर चंद्र गोयल, शरद जैन, वाइस चेयरमैन मनीष भाटिया, अमित गर्ग, कोषाध्यक्ष अनुज स्वरूप बंसल, जॉइंट सेक्रेटरी संदीप जैन, उमेश गोयल, दीपक सिंगल, आकाश बंसल, अमन गुप्ता, राहुल मित्तल, पीआरओ समर्थ जैन,राज शाह, नरदेव वर्मा, स्पर्श वर्मा, रजत जैन, प्रवीण गोयल, कनव अग्रवाल, राजेश गोयल, संजीव मित्तल, शमित अग्रवाल, अरविंद मित्तल, अंकुर गर्ग, फेडरेशन अध्यक्ष अंकित संगल, मनीष जैन, कपिल मित्तल, राजेश मित्तल, अनुज कुच्छल, नईम चांद, डॉ. यशपाल सिंह, सुरेंद्र अग्रवाल, मुकुल गोयल, प्रमोद अरोरा, अजय अरोरा, सीए राजीव सिंघल, तरुण गुप्ता, प्रसून अग्रवाल, राकेश ढींगरा, राकेश जैन, अरविंद गुप्ता, सीए अंकित मित्तल, नवनीत गोयल एडवोकेट, तुषार गुप्ता एडवोकेट, सीए राधेश्याम गर्ग, सीए संजय बंसल, सीए पवन गोयल, मुकुल गोयल, गिरीश अरोरा, राहुल अग्रवाल, सीए संजय संगल, राहुल सिंगल, एफ.सी. मोगा, अनिल त्यागी, धनंजय त्यागी, संजय जैन, तुषार जैन, आर.के. सैनी, विवेक मित्तल, विवेक गोयल, शोभित जैन, राजकुमार कपूर, राजू अग्रवाल, अमरीश सिंघल, प्रमोद शर्मा, सचिन शर्मा, डॉ. प्रवेश कुमार, साइबर क्राइम ब्रांच के एसएचओ सुल्तान सिंह, इंस्पेक्टर गौरव चौहान, दीपक कुमार सहित भारी संख्या में सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आईआईए चैप्टर चेयरमैन पवन गोयल ने धन्यवाद देते हुए सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया।

## नौवीं में दो बार फेल हुए, 11 विषयों में यूजीसी नेट उत्तीर्ण कर रचा इतिहास

**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)।** जब जागे, तब ही सवेरा... पढ़ाई को लेकर की गई मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। ये मिसाल डॉ. लक्ष्मण सिंह ने चरितार्थ करते हुए जनपद का गौरव बढ़ाया है। स्नातक में सिर्फ 39 प्रतिशत अंक पाने के बाद पढ़ाई का ऐसा जूनून सवार हुआ कि 11 विषयों में यूजीसी नेट पास कर वे देश की सुर्खियों में आ गए हैं। शुरूआती दौर में नौवीं में दो बार फेल हुए डॉ. लक्ष्मण ने ऐसा इतिहास रचा कि न सिर्फ पीएचडी की, अपितु 11 विषयों में यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज करा दिया। नगर के खादरवाला निवासी डॉ. लक्ष्मण सिंह ने अपने जज्बे, लगन एवं परिश्रम से नया इतिहास लिखा है। सेवानिवृत्त अधिकारी बोहरन लाल के छोटे पुत्र लक्ष्मण जब कक्षा नौवीं में दो बार फेल हुए तो परिवार सदस्यों के अरमानों पर पानी फिर गया। परिवार ने 10वीं की बोर्ड परीक्षा में प्राइवेट फार्म भरवाकर उनका हौसला बढ़ाया। बारहवीं पास कर एंट्रेंस एग्जाम क्वालीफाई करने के बाद डॉ. लक्ष्मण ने दिल्ली के जेएनयू में चीनी और स्पेनिश भाषा आनर्स कोर्स में दाखिला लिया। यहां भी उन्हें निराशा ही मिली। विपरित परिस्थिति होने के बाद भी लक्ष्मण ने इस बीच हार नहीं मानी और फिर डीयू से स्नातक करने की ठान ली। पहले साल में दो विषय में फेल होने के बाद तीसरे वर्ष में जेएनयू से मास्टर इन इंटर नेशनल रिलेशन की प्रवेश परीक्षा पास करने में कामयाब रहे। बड़ी मुश्किल से बीए की डिग्री मात्र 39 प्रतिशत मार्क्स से पास करने के बाद जेएनयू में ही आर्ट्स एंड एस्थेटिक्स का एंट्रेंस टॉप कर मास्टर डिग्री प्राप्त की। इसके बाद लक्ष्मण सिंह में पढ़ाई को लेकर ऐसा जनून पैदा हुआ कि दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया से दलित राजनीति विषय पर वर्ष में एमफिल तथा नेपाल की दलित कला पर पीएचडी कर सभी को चौंका दिया। उन्होंने यूजीसी नेट परीक्षा में नया इतिहास रच दिया। लोक निर्माण विभाग जयपुर में बतौर अनुवादक अधिकारी रहे लक्ष्मण सिंह को मलाल है कि देश के साथ ही जिले का गौरव होने के बावजूद सरकार ने आज तक भी उनकी योग्यता को नहीं जाना। तमाम डिग्री व अन्य योग्यताओं के बाद डॉ. लक्ष्मण सिंह का लक्ष्य 25 विषयों में यूजीसी नेट करने की इच्छा व्यक्त की है, जो एक गौरवशाली क्षणों से कम नहीं होगा। मीडिया से वार्ता के दौरान डॉ. लक्ष्मण सिंह की ईरानी दोस्त सारा, पिता बोहरन लाल एवं वरिष्ठ अधिवक्ता होती लाल शर्मा मौजूद रहे।



## दो जहाजों के टकराने से 23 लोगों की मौत



**लंदन, 10 मार्च (एजेंसी)।** उत्तरी इंग्लैंड के तट के नजदीक उत्तरी सागर में एक तेल टैंकर और मालवाहक जहाज के बीच सोमवार को जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई। ब्रिटेन के ग्रिम्सबी ईस्ट बंदरगाह के प्रमुख ने बताया कि हताहतों की संख्या बढ़ भी सकती है। ब्रिटिश आपात सेवा के मुताबिक, हादसे के बाद दोनों जहाजों में आग लग गई। बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया है। ग्रिम्सबी ईस्ट बंदरगाह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्टिन बॉयर्स ने बताया कि 13 शवों को विंडकैट 33 जहाज से लाया गया, जबकि 10 अन्य शवों को बंदरगाह पायलट नौका से लाया गया। चालक दल के कुछ सदस्य अब भी लापता हैं। ब्रिटेन की समुद्री एवं तटरक्षक एजेंसी ने कहा कि कई जीवनरक्षक नौकाएं, एक तटरक्षक बचाव हेलीकॉप्टर, एक तटरक्षक विमान और अग्निशमन क्षमता वाले निकटवर्ती जहाजों को उत्तरी सागर में घटनास्थल पर भेजा गया है। आरएनएलआई लाइफ बोट एजेंसी के मुताबिक, ऐसी खबरें हैं कि टक्कर के बाद कई लोग जहाज से कूदकर बचने की कोशिश करते पाए गए। इस बीच दोनों जहाजों में आग लग गई। तीन जीवनरक्षक नौकाएं तट रक्षक बल के साथ मिलकर घटनास्थल पर खोज और बचाव कार्य कर रही हैं। जहाज की निगरानी रखने वाली वेबसाइट वेसल फाइंडर की मानें तो हादसे का शिकार टैंकर अमेरिकी ध्वज वाला रसायन और तेल उत्पाद वाहक एमवी स्टेना इमैक्युलेट है, जो घटना के समय लंगर डाले हुए था। वहीं, मालवाहक जहाज की पहचान ह्यसोलोंग के तौर पर की गई है, जो स्कॉटलैंड के ग्रेंजमाउथ से नीदरलैंड के रॉटरडैम जा रहा था।

### अलीगढ़ में पकड़े गए चार बांग्लादेशी, 17 साल से रह रहे थे अवैध

**अलीगढ़, 10 मार्च (एजेंसी)।** अलीगढ़ की टप्पल पुलिस ने जट्टारी चौकी अंतर्गत नई बस्ती से महिला समेत चार बांग्लादेशी नागरिकों को 17 साल से अवैध रूप से रहते हुए गिरफ्तार किया है। इन्होंने अपने बेटों के फर्जी आधार कार्ड भी बनवाए। इनके पास से फर्जी आधार कार्ड के साथ तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों से भारत आने के बारे में पूछा तो मकसूद खान पुत्र इब्राहिम ने बताया कि सभी बांग्लादेश में जिला जिसोर के गांव बागडंगा बगरपाड़ा के रहने वाले हैं। वहां खेती का काम करते थे। 17 साल पहले वर्ष 2008 में बेनापुल बोर्डर के रास्ते सियालदा ट्रेन से आगरा रेलवे स्टेशन होते हुए बस द्वारा अलीगढ़ के टप्पल थाना अंतर्गत जट्टारी में आकर कबाड़ बीनने का काम करने लगे। नई बस्ती में झुग्गी झ झोपड़ी बनाकर अवैध रूप से रहने लगे। उसकी पत्नी साहिना व दो लड़के मोहम्मद तौफीक व मौहम्मद साबिर साथ रहते हैं। फर्जी कागज तैयार कर दोनों बेटों के आधार कार्ड भी बनवा लिए। पकड़े गये लोगों में मकसूद खान पुत्र इब्राहिम मुल्ला, मोहम्मद तौफीक पुत्र मकसूद खान, मोहम्मद साबिर पुत्र मकसूद खान और साहिना पत्नी मकसूद खान पुत्री इब्राहिम मोडोल निवासीगण गांव बागडंगा थाना बगर पाड़ा जिला जिसोर बंगलादेश, हाल पता नई बस्ती जट्टारी थाना टप्पल जिला अलीगढ़ शामिल हैं।

# भाकियू नेताओं ने घेरा डीएम कार्यालय, दिया धरना

**- किसानों की समस्याओं की अनदेखी करने के लगाए आरोप - सीडीओ की गाड़ी को रोक जताया विरोध, किया प्रदर्शन**

**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)।** भाकियू अराजनैतिक के राष्ट्रीय प्रवक्ता धर्मेन्द्र मलिक ने जनपद में अधिकारियों को अपनी मस्ती में मस्त होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी इसी उदासीनता से किसानों का शोषण चरम पर है। वहीं शुगर मिलों के साथ मिलकर गन्ना विभाग के अधिकारी महंगा बीज बेचने का कारोबार चला रहे हैं। भाकियू नेता ने डीएम से ऐसे सभी मामलों में जांच कराने और किसानों की समस्याओं का निदान प्राथमिकता पर कराने की मांग की। इस बीच प्रशासन पर दबाव बनाने की दिशा में शुरू विरोध प्रदर्शन के दौरान भाकियू कार्यकर्ताओं की जद में आई सीडीओ की गाड़ी को घंटों तक अपने बीच रोकते हुए शक्ति प्रदर्शन किया। सीडीओ की गाड़ी के रोके जाने के बाद में आए जिला प्रशासन ने उनकी लंबित मांगों के समय रहते निदान कराने का आश्वासन दिया। भाकियू अराजनैतिक के बैनर तले सोमवार को किसानों ने डीएम कार्यालय पर पहुंचकर किसान समस्याओं को लेकर धरना दिया। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाये कि किसानों की अनदेखी करते हुए अफसर अपनी मस्ती में मस्त हैं और किसानों का हर क्षेत्र में शोषण किया जा रहा है। किसान समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट में जारी प्रदर्शन के बाद डीएम उमेश मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में आरोप लगाया कि किसानों की कई समस्याओं का समाधान लंबे समय से नहीं हो पाया है, जिससे किसानों को हर दिन अधिकारियों के चक्कर लगाने पड़ रहे है। भाकियू पदाधिकारियों ने ज्ञापन में कहा कि जनपद में रियल टाइम खतौनी बनते समय किसानों के अंश एवं नाम दोनों में त्रुटियां होने के कारण किसानों को बैंकों से ऋण नहीं मिल रहा है। वहीं गलती सुधार हेतु किसान 6 माह से तहसील में चक्कर लगा रहे है लेकिन कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। गांव में चौपाल लगाकर त्रुटियों में सुधार कराया जाये। 13 दिन में विरासत दर्ज कराने के साथ बिना आपत्ति के दाखिल खारिज के दावों का निस्तारण 40 दिन की अवधि में किए जाने की मांग की। इसके साथ निजी सहायक लेकर कार्य करने वाले लेखपालों पर कड़ी कार्यवाही करने, चकबंदी में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त किए जाने की मांग की। वहीं चौकड़ा व खामपुर गांव की चकबंदी का पुनर्निरीक्षण करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि गन्ना विभाग शुगर मिल में गोष्ठी के नाम पर पेस्टिसाइड बेचने का कार्य कर रहे हैं। कर्मचारी गलत कीटनाशक बेच रहे हैं जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है। भाकियू ने इस पर रोक लगाने, शुगर मिलों द्वारा महंगा बीज बेचे जाने के आरोप लगाते हुए किसानों को बीज गन्ना मूल्य के बराबर दिलाए जाने की मांग की। इसके अलावा बिजली, पानी, स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में सख्ती किए जाने के साथ गली-मौहल्लें में कुकुरमुत्ते की तरह नर्सिंग होमों पर रोक लगाए जाने की मांग की। इस दौरान विपिन त्यागी, सुधीर बालियान, विनीत त्यागी, ठा. कुशलपाल सिंह, संजीव सहरावत, प्रवित अहलावत, नीरज मलिक, अंकित जावला, शहजाद राव समेत सैकड़ों भाकियू कार्यकर्ता एवं जिले के किसान मौजूद रहे।



## जनपद में खाद्य विभाग ने चलाया अभियान, कई नमूने भेजे जांच को

**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)।** आगामी त्यौहारी सीजन के बीच होली पर्व के उपलक्ष्य में आम जनमानस को शुद्ध एवं मानकों के अनुरूप खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की दिशा में शुरू कवायदों के चलते खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मुजफ्फरनगर की टीम ने छापामार कार्यवाही करते हुए विभिन्न स्थानों से नमूने संग्रहित किए। इस दौरान टीम ने कारोबारियों को स्वच्छता के साथ शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सोमवार को डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर आगामी होली पर्व के उपलक्ष्य में आम जनमानस को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मुजफ्फरनगर की टीम ने सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अर्चना धीरान के नेतृत्व में छापामार कार्यवाही करते हुए विभागीय टीम ने जिले में खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए। नगर क्षेत्र में चलाए गए इस अभियान में जहां खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने अरशद डेरी मिमलाना रोड से पनीर एवं दही के नमूने जब्त किए। वहीं ग्राम कुल्हेड़ी में अयूब और नदीम के प्रतिष्ठान पर छापे के दौरान छेना रसगुल्ला के नमूने लेने के साथ 100 किग्रा रसगुल्ला और अस्वच्छ अवस्था में पाए जाने के कारण नष्ट कराया गया, जिसका अनुमानित मूल्य लगभग 11000 रुपए है। इसके साथ ही करबला रोड बुढ़ाना से टीम ने पाव का नमूना लेते हुए इनकी जांच कराने के साथ सभी को शुद्ध पदार्थों से बनी सामग्री तैयार कर विक्रय करने के निर्देश दिए। इस दौरान टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वैभव शर्मा एवं मनोज कुमार सम्मिलित रहे।



## चार घंटे में दो बार 'एक्स' की सेवाएं ठप, परेशान हुए यूजर्स




**नई दिल्ली, 10 मार्च (एजेंसी)।** माइक्रोब्लॉगिंग साइट 'एक्स' का सर्वर सोमवार शाम को दूसरी बार ठप पड़ गया। शाम सात बजे के आसपास यूजर्स को 'एक्स' पर पोस्ट करने और लॉगिन करने में दिक्कतें आईं। इससे पहले दोपहर में भी 'एक्स' पर यह समस्या आई थी। शाम की आउटेज की वजह से उपयोगकर्ता 'एक्स' पर न तो कुछ पोस्ट कर पा रहे हैं और न ही किसी की पोस्ट को देख पा रहे हैं। उपयोगकताओं का कहना है कि उन्हें फीड में 'रिट्राई' लिखा हुआ दिखाई दे रहा है। कई यूजर्स की शिकायत हैं कि उन्हें 'एक्स' पर 'फिर से लोड करें' या 'पुनः प्रयास करें' लिखा हुआ संदेश दिखाई दे रहा है। इससे पहले दोपहर में भी 'एक्स' दुनियाभर में डाउन हो गया था। तकनीकी कारणों से दुनियाभर में कई उपयोगकताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा था। हालांकि, थोड़ी देर बाद ही 'एक्स' की सेवाएं फिर से बहाल हो गई थीं। डाउन डिटेक्टर के मुताबिक, दोपहर करीब तीन बजे के आसपास यूजर्स ने 'एक्स' की सेवाओं का लाभ न उठा पाने की शिकायत की। दोपहर 3.22 बजे सबसे ज्यादा यूजर्स ने 'एक्स' के सर्वर डाउन होने की शिकायम दर्ज कराई। वेब पर 54 फीसदी और एप पर 42 फीसदी शिकायतें रिपोर्ट की गईं। हालांकि, अब 'एक्स' सेवाएं सामान्य हैं। अन्य देशों के मुकाबले भारत में इस आउटेज का असर काफी हद तक कम रहा। यहां 2600 से अधिक शिकायतें रिपोर्ट की गईं। 80 फीसदी यूजर्स वेबसाइट एक्सेस नहीं कर पा रहे थे, जबकि 11 फीसदी को लॉगिन में समस्या आई। इसके अलावा करीब नौ फीसदी यूजर्स को मोबाइल एप पर परेशानी हुई। फिलहाल न ही उद्योगपति एलन मस्क के स्वामित्व वाली कंपनी और न ही खुद खरबपति की ओर से मामले में कोई बयान जारी किया गया है। सर्वर डाउन होने के बाद यूजर्स को एप या वेब पर 'एक्स' खोलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। 'एक्स' का उपयोग करने के लिए जैसे ही उपयोगकर्ता एप या ब्राउजर पर जाते, उन्हें एरर का संदेश मिलता। हालांकि, अब 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) की सेवाएं बहाल हो चुकी हैं और यह सुचारू रूप से काम कर रहा है।











**बाबा श्याम की निशान यात्रा के मनोहारी दृश्य भक्तगण श्रद्धाभाव के साथ कैमरे में कैद करते हुए।**

# भक्ति के रंग में डूबा पूरा शहर, जमकर उड़ा अबीर-गुलाल

**- बाबा श्याम की निशान यात्रा में दिखा उत्साह, गूंजे जयकारे**

**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)।** भरतिया कॉलोनी नई मंडी में श्री गणपतिधाम ट्रस्ट समिति की ओर से आयोजित 5 दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव के बीच नगर के हृदय स्थल शिवचौक पर भव्य निशान यात्रा निकाली गई। शिवचौक से भगवान भोले और बाबा श्याम की पूजा अर्चना के बाद में शुरू बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा में हजारों भक्तों ने निशान लेकर सड़कों पर उतरे तो पूरा यात्रा मार्ग भक्ति की गंगा में डुबकी लगाते हुए नजर आया। इस दौरान श्रद्धालु अपने कांधे पर रंग-बिरंगे निशान के साथ डीजे की धुनों में नृत्य करते हुए दिखाई दिए। वहीं देर रात्रि मंदिर प्रांगण में आयोजित भजन संध्या में पूनम दीदी के साथ क्षेत्र की श्रद्धालु जनता ने श्याम बाबा का गुणगान किया। श्री गणपति-खाटू श्याम मंदिर की ओर से सोमवार को शिवचौक से श्री खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयघोष के बीच सुबह उद्यमी भीम कंसल एवं श्री गणपतिधाम ट्रस्ट समिति पदाधिकारियों की मौजूदगी में भव्य निशान यात्रा बड़े हर्षोल्लास व आस्था के साथ में निकाली गई। बाबा श्याम और भगवान आशुतोष की पूजा के बीच उद्यमी भीम कंसल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक अंकुर दुआ, व्यापारी नेता संजय मित्तल, बिजेन्द्र पाल, विशाल गर्ग आदि ने बाबा की पूजा-अर्चना और आरती के बाद यह निशान यात्रा प्रारंभ हुई। नगर के हृदय स्थल शिवचौक से प्रारंभ हुई एकादशी निशान यात्रा झांसी रानी एवं टाउन हॉल रोड से होते हुए मालवीय चौक के रास्ते मदन स्वीट्स, भोपा पुल, गऊशाला रोड, पीठ बाजार, बिन्दल बाजार, स्वीट्स कॉर्नर के बराबर से डाकखाना रोड होते हुए मन्दिर परिसर में पहुंची। इस दौरान डीजे की धुनों पर भजनों पर श्रद्धालु नाचते गाते हुए जब शहर की सड़कों पर उतरे तो हर ओर भक्ति की गंगा बहती दिखाई दी। इस बीच आयोजन समिति की ओर से एकादशी निशान यात्रा में अबीर और गुलाल की वर्षा ने हर कोई भक्ति गंगा में डुबकी लगाते नजर आया। नगर और नई मंडी के मुख्य मार्गों से होते हुए जब निशान यात्रा मंदिर प्रांगण में पहुंची और श्रद्धालुओं ने अपनी बारी आने पर बाबा खाटू श्याम को निशान अर्पित करने के बाद प्रसाद प्राप्त किया। इस दौरान मुख्य रूप से अनिल गोयल, जेपी गोयल, कैलाश चन्द ज्ञानी, सोम प्रकाश कुच्छल, अंबरीश सिंघल, बिजेन्द्र रानो, विकास अग्रवाल, विनोद राठी, प्रतीक कंसल, नीरज गोयल, अमित गोयल, नवनीत गुप्ता, रजत गोयल, विवेक गर्ग, नवीन अग्रवाल, रजत राठी, अंकित अग्रवाल, शशांक राणा, पक्ष गर्ग, तुषार गर्ग, राघव मुकुंद गर्ग, अतुल अरोरा, राहुल श्याम प्रेमी, शुभम तायल आदि मौजूद रहे।



## मुंडन संस्कार में जा रहे परिवार के साथ हादसा, आठ लोगों की मौत

**सीधी, 10 मार्च (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के सीधी में सिटी कोतवाली इलाके में सोमवार सुबह एक जबरदस्त हादसा हो गया। एक बल्कर और तूफान गाड़ी के बीच जोरदार टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई। वहीं सात लोगों के घायल होने की सूचना है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपाधीक्षक गायत्री तिवारी ने बताया कि यह घटना सीधी-बहरी रोड पर उपनी पेट्रोल पंप के पास सुबह करीब 2।30 बजे हुई। जानकारी के मुताबिक हादसे में मारे गए लोग साहू परिवार, देवरी और पंडरिया बहरी के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मृतकों में पांच महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। तूफान वाहन में कुल 21 लोग सवार थे, जो मटिहानी से मुण्डन संस्कार के लिए निकले थे। इस भीषण दुर्घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। घायलों को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय प्रशासन ने घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण बताया जा रहा है। पुलिस अब दुर्घटना के असल कारणों की गहराई से जांच कर रही है।

## चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के बाद दो समुदायों में बवाल, तोड़फोड़ और आगजनी

**महू, 10 मार्च (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के बाद जश्न मनाने उतरे लोगों पर दूसरे समुदाय के लोगों ने पथराव कर दिया। विवाद इतना बढ़ा कि कई दुकानों और गाड़ियों में आग लगा दी गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। घटना मध्य प्रदेश के महू शहर की है। चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर भारत ने इतिहास रचा, तो वहीं इसका जश्न मनाने के लिए कुछ लोग शहर में जुलूस निकालने लगे। जुलूस शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए गुजरा। इसी बीच जब जुलूस शहर के जामा मस्जिद मार्ग से होते हुए गुजरा, तो दूसरे समुदाय के लोगों से किसी बात पर विवाद हो गया। इसके बाद बड़ी संख्या में वर्ग विशेष के लोग जमा हो गए और धरना देने लगे। कोई कुछ समझ पाता, इतने में ही भीड़ आमने-सामने आ गई और पत्थर चलने लगे। इसके बाद शहर के पत्ती बाजार, मार्किट चौक, माणक चौक, सब्जी मार्केट, गफ्फार होटल, कनॉट रोड पर पथराव हुआ। सड़कों पर मौजूद गाड़ियों में आग लगा दी गई।

## जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर ने 15वीं मंजिल से कूदकर दी जान

**नोएडा, 10 मार्च (एजेंसी)।** गाजियाबाद में तैनात जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर संजय सिंह ने नोएडा के सेक्टर-75 स्थित एपेक्स सोसाइटी की 15वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। बताया गया कि वह कैंसर से पीड़ित थे। पुलिस के मुताबिक, थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर 75 स्थित एपेक्स एथेना सोसायटी के ई टावर में



(फ्लैट नंबर 2004) में संजय सिंह रहते थे। संजय ने सोमवार को 15वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। परिजनों द्वारा बताया गया है कि मृतक कैंसर से पीड़ित थे। कैंसर की अंतिम स्टेज के कारण वह लंबे समय से तनाव में चल रहे थे। संजय जीएसटी में डिप्टी कमिश्नर गाजियाबाद थे। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम को भेजवा दिया। पुलिस मामले में जांच कर रही है। पुलिस ने मामले में अभी कोई शिकायत और सुसाइड नोट मिलने से इनकार किया है। वे दो साल से गाजियाबाद में तैनात थे। वह वहां पर विभागीय सुप्रीम कोर्ट संबंधी कार्य देख रहे थे। एक सप्ताह पहले ही खंड दो का चार्ज मिला था। उनके आत्महत्या करने से विभाग के साथी दुखी हैं। सुधीर का व्यवहार बहुत सरल व सौम्य होना बताया है। परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। एक बेटा गुरुग्राम में नौकरी करता है, जबकि दूसरा बेटा ग्रेटर नोएडा की एक यूनिवर्सिटी से पढ़ाई कर रहा है।

## खत्म हुआ जस्टिन ट्रूडो का दौर, मार्क कार्नी बने कनाडा के नये पीएम

**नई दिल्ली, 10 मार्च (एजेंसी)।** कनाडा के नए प्रधानमंत्री का नाम तय हो गया है। मार्क कार्नी कनाडा के नये प्रधानमंत्री होंगे। वह जस्टिन ट्रूडो की जगह लेंगे। कार्नी एक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं औ? वह दुनिया के दो बड़े देशों में गवर्नर रह चुके हैं। कनाडा के पीएम की रेस में उनका नाम सबसे आगे चल रहा था। कार्नी शुरूआत से ही पढ़ाई में काफी अच्छे रहे हैं। उन्हें 2007 में कनाडा का गवर्नर बनाया गया था। ये वो दौर था, जब पूरी दुनिया मंदी की चपेट में थी। बाद में वह बैंक ऑफ इंग्लैंड के भी गवर्नर बने थे। जस्टिन ट्रूडो ने लिबरल पार्टी के लीडर का पद छोड़ दिया है। उन्होंने



सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, 'मैं लिबरल पार्टी के नेता के रूप में उसी आशा और कड़ी मेहनत के साथ विदा ले रहा हूँ, जैसा कि मैंने शुरू में किया था। उन्होंने आगे लिखा कि इस पार्टी और इस देश के लिए काफी उम्मीदें हैं। उन लाखों कनाडाई लोगों की वजह से जो हर दिन साबित करते हैं कि बेहतर हमेशा संभव है।' बता दें कि ट्रूडो ने जनवरी में ही पार्टी को देश के नया प्रधानमंत्री चुनने को कह दिया था। मार्क कार्नी वैसे तो कनाडा की सक्रिय राजनीति से दूर रहे हैं, लेकिन उन्हें मौके कई बार मिले। उन्हें 2012 में ही तत्कालीन प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर ने वित्त मंत्री बनने का मौका दिया था। लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को नकार दिया था। 2013 में लिबरल पार्टी के लीडर के चुनाव का वक्त हो या ट्रूडो की सरकार से वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड के इस्तीफे देने का, कार्नी का नाम हमेशा आगे आया। लेकिन उन्होंने कभी इसमें रुचि नहीं दिखाई। लेकिन अब वह कनाडा के प्रधानमंत्री की गद्दी पर बैठने जा रहे हैं।

## किशोरी का अपहरण कर गैंगरेप मामले में इंस्पेक्टर लाइन हाजिर, दो दारोगा निलंबित

**मुरादाबाद, 10 मार्च (एजेंसी)।** भगतपुर क्षेत्र में दो माह तक किशोरी को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म के करने के प्रकरण में एसएसपी ने बड़ी कार्रवाई की है। इंस्पेक्टर को लाइन हाजिर करते हुए दो दारोगा को निलंबित कर दिया है। आरपी सिंह को भगतपुर थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। क्षेत्र के गांव निवासी 14 वर्षीय किशोरी दो जनवरी को कपड़े सिलवाने के लिए टेलर के पास जा रही थी। जैसे ही वह बाजार में पहुंची तो गांव के चार युवक कार से पहुंचे और किशोरी को अगवा कर लिया। अनजान स्थान पर ले जाकर किशोरी के साथ चारों युवकों ने दो माह तक दुष्कर्म काम किया। साथ ही किशोरी के हाथ पर बने ओम के टैटू को तेजाब से जला दिया था। किशोरी को जबरन गोमांस भी खिलाया था। दो मार्च को किशोरी आरोपित युवकों के चुंगल से किसी तरह छूट कर घर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी अपने चाचा को दी। बता दें कि किशोरी के माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। तीन मार्च को पुलिस को शिकायती पत्र दिया गया। पुलिस ने आरोपित सलमान, जुबैर, राशिद, आरिफ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सलमान, राशिद और आरिफ को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। मामला शासन तक पहुंचा तो मुख्यमंत्री ने पूरे मामले की जानकारी लेने के लिए राज्य मंत्री असीम अरुण को मौके पर भेजा था। अब एसएसपी सतपाल अंतिम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर संजय कुमार पांचाल को लाइन हाजिर कर दिया। जबकि एसएसआई मुरलीधर चौहान और हल्का दारोगा राजकुमार नैन को निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री के आदेश पर शनिवार दोपहर राज्य मंत्री असीम अरुण पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित के चाचा व किशोरी से बात करके पूरे मामले की जानकारी ली।

## संभल शाही मस्जिद की रंगाई पुताई मामले में सुनवाई अब 12 मार्च को

**प्रयागराज, 10 मार्च (एजेंसी)।** संभल जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई की मांग को लेकर दाखिल अर्जी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई अब 12 मार्च को होगी। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में एएसआई ने जांच रिपोर्ट दाखिल की है। रिपोर्ट में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने कहा था कि मस्जिद में रंगाई-पुताई की जरूरत नहीं है। जांच के दौरान मस्जिद में गंदगी व कुछ जगहों पर झाड़ियां उगी पाई गईं हैं। इसके फोटोग्राफ भी एएसआई ने कोर्ट में दाखिल किए हैं। कोर्ट ने एएसआई को मस्जिद की सफाई व उगी हुई झाड़ियों को साफ करने का निर्देश दिया है। वहीं मुस्लिम पक्ष ने एएसआई की जांच रिपोर्ट के खिलाफ आपत्ति दाखिल करने के लिए समय लिया है। हिंदू पक्ष ने भी एफिडेविट फाइल करने के लिए समय लिया था। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद सुनवाई को 12 मार्च तक के लिए टाल दिया है।

# बिहार में दिनदहाड़े तनिष्क शोरूम से 25 करोड़ की लूट

**पटना, 10 मार्च (एजेंसी)।** बिहार के आरा में 10 मार्च को चर्चित जूलरी ब्रैंड तनिष्क के एक शोरूम में कथित तौर पर 25 करोड़ रुपये की लूट हो गई। खबरों के मुताबिक सुबह साढ़े 10 बजे के आसपास 8 से 10 लोग हथियारों से लैस होकर शोरूम में घुसे थे। उन्होंने शोरूम में मौजूद सुरक्षागार्ड और कर्मचारियों को बंधक बना लिया। इसके बाद करीब 30 मिनट तक लूटपाट की। लुटेरे शोरूम में रखे सोने, चांदी और हीरे के गहने लेकर फरार हो गए। हैरानी की बात ये कि घटनास्थल से महज 500 मीटर की दूरी पर थाना बना है, लेकिन पुलिस को इतनी बड़ी लूट की भनक तक नहीं लगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक घटना के बाद बताया गया कि लुटेरों में से कुछ ने शोरूम के अंदर आते ही मास्क पहन लिया। फिर हथियार निकालकर स्टाफ को बंधक बना लिया। इसके बाद उन्होंने सभी जूलरी को बैग में भरना शुरू किया। 30 मिनट तक लुटेरे बेखौफ होकर लूटपाट करते रहे। शोरूम की एक कर्मचारी सिमरन ने बताया कि लूट से पहले अपराधियों के हावभाव देखकर उन्हें शक हो गया था। उन्होंने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को फोन किया। सिमरन ने आगे आरोप लगाया कि पुलिस ने ह्यसिर्फ आश्वासनह्न दिया कि टीम पहुंच रही है, लेकिन ह्यआधे घंटे तक कोई मदद नहीं आईह्न। सिमरन ने दावा किया कि उन्होंने ह्य25 से 30 बार पुलिस को कॉलह्न किया था, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं मिला। शोरूम के स्टोर मैनेजर कुमार मृत्युंजय ने बताया कि इस वारदात में लगभग 25 करोड़ रुपये के आभूषण लूट लिए गए हैं। वहीं लूटे गए कैश का आकलन किया जा रहा है। स्टाफ ने बताया कि लुटेरे उनके मोबाइल भी छीनकर ले गए।




# भाजपा नेता की शिकायत पर हटवाया अस्थाई अतिक्रमण

## भाजपा सभासदों ने किया हंगामा, लोगों को परेशान करने के लगाए आरोप

**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)।** तथाकथित भाजपा नेता की एक माह पुरानी शिकायत पर होली के त्यौहार पर पालिका टीम ने सोमवार को सड़कों पर उतरकर अस्थाई अतिक्रमण हटवाने का काम किया। टीम के अभियान पर निकलने से पूर्व इसकी जानकारी पर पालिका के कर विभाग में पहुंचे भाजपा के वार्ड सभासदों ने राजस्व वसूली छोड़कर ऐसे गैर जरूरी अभियान चलाने को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए हंगामा भी किया। नगरपालिका की कार्यवाह कर अधीक्षक पारूल यादव के मार्गदर्शन में सोमवार को पालिका टीम अस्थाई अतिक्रमण हटवाने के लिए सड़कों पर उतरने के साथ ही नावल्टी चौराहे से जिला अस्पताल के पास पाल धर्मशाला तक कार्यवाही की। टीएस ने बताया कि भाजपा नेता अखिलेश शर्मा उर्फ अखिल ने 11 फरवरी में नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप को शिकायत करते हुए नावल्टी चौराहे से जिला अस्पताल, पाल धर्मशाला तक सड़क पर अस्थाई तौर पर ठिये और ठेले तथा फड़ लगाकर कुछ लोगों पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने की शिकायत की थी। इसे हटवाने के निर्देश नगर मजिस्ट्रेट ने दिए थे। सोमवार को इसके अनुपालन में ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के निर्देशन में कर निरीक्षक अमरजीत सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठन करते हुए अतिक्रमण हटवाने का कार्य कराया गया। टीम ने इस दौरान अस्थाई अतिक्रमण हटवाते हुए ठिये और ठेले लगाने पर कार्यवाही की चेतावनी दी। उधर, पालिका टीम द्वारा अतिक्रमण हटवाने के लिए टीम के निकलने से पूर्व ही भाजपा के सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, रविकांत शर्मा उर्फ काका, हनी पाल व विजय कुमार उर्फ चिंटू कर विभाग में पहुंचे और वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में राजस्व वसूली जैसे अहम कार्य को छोड़कर ऐसे गैर जरूरी अभियान चलाने में पालिका टीम को लगाने का विरोध करते हुए होली जैसे त्यौहार पर लोगों का उत्पीड़न करने के आरोप लगाये। इन सभासदों ने कर विभाग में इस अभियान को रोकने की मांग करते हुए कर निर्धारण अधिकारी के सामने हंगामा कर नाराजगी जताई। भाजपा सभासदों ने कहा कि एक तथाकथित भाजपा नेता ऐसे कृत्य कर पार्टी को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। ऐसे व्यक्ति के खिलाफ पार्टी स्तर पर कार्यवाही कराने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी से भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि कर विभाग को इस समय में राजस्व वसूली पर ध्यान देकर लक्ष्य को हासिल करना चाहिए।



# आंध्र प्रदेश में तीसरी संतान होने पर 50 हजार, बेटा हुआ तो मिलेगी गाय

**नई दिल्ली, 10 मार्च (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश में टीडीपी सरकार जनसंख्या को बढ़ाने पर जोर दे रही है। जहां सीएम चंद्रबाबू नायडू ने जनसंख्या बढ़ाने के लिए कहा। वहीं, विजयनगरम के सांसद के. अप्पाला नायडू ने कहा कि तीसरी संतान अगर बेटी हुई तो वो 50 हजार रुपये तक देंगे और अगर बेटा हुआ तो गाय और बछड़ा देंगे।

भारत समेत कई देशों में इस समय जनसंख्या को बढ़ाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इसी बीच जहां पहले आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने जनसंख्या बढ़ाने के महत्व को लेकर बात की। वहीं, दूसरी तरफ टीडीपी पार्टी के सांसद ने एक अनोखा वादा लोगों से कर दिया। जहां एक समय में देश में हम दो, हमारे दो का नारा लगाया जाता था, लोगों को दो बच्चे पैदा करने के लिए कहा जाता था। वहीं, अब सांसद ने वादा किया है कि अगर तीसरी संतान बेटी हुई तो वो 50 हजार रुपये देंगे और बेटा हुआ तो गाय या बछड़ा देंगे। विजयनगरम के सांसद के. अप्पाला नायडू ने कहा कि वह नवजात बच्ची के नाम से सावधि जमा के रूप में यह 50 हजार रुपये की धनराशि वो जमा करेंगे, जो उसकी शादी की उम्र तक 10 लाख रुपये तक हो सकती है। अप्पाला नायडू ने रविवार को कहा, अगर तीसरी औलाद के रूप में लड़का हुआ, तो हम एक गाय और एक बछड़ा परिवार को देंगे। वहीं, अगर तीसरी संतान लड़की हुई, तो हम 50,000 रुपये की सावधि जमा करेंगे। उन्होंने आगे कहा, भारत की जनसंख्या बढ़नी चाहिए। सांसद ने कहा कि वो मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के जनसंख्या बढ़ाने के लिए किए गए आह्वान से प्रेरित हैं। अप्पाला नायडू ने अपने निर्वाचन क्षेत्र की हर महिला को यह प्रस्ताव देने का वादा किया है। नायडू ने कहा, राजनीति और जीवन में कई महिलाओं ने उन्हें प्रोत्साहित किया, जिनमें उनकी मां, पत्नी, बहनें और बेटी शामिल हैं। सांसद ने समाज में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव को लेकर भी बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं का प्रोत्साहन समय की मांग है। सांसद का बयान तब सामने आया है जब हाल ही में सीएम नायडू ने कहा कि उनका मानना ??है कि भारत की जनसंख्या बढ़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी राय फैमिली प्लानिंग को लेकर बदली है। सरकार और वित्त कमीशन को जनसंख्या बढ़ाने को बढ़ावा देना चाहिए। अधिक बच्चों के लिए प्रोत्साहन दें। उन्होंने भारत के साउथ में शुरू हुई उम्र बढ़ने की समस्याओं की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा, उम्र बढ़ने की समस्या साउथ भारत में शुरू हो गई है। नॉर्थ इंडिया में सिर्फ दो राज्यों बिहार और उत्तर प्रदेश को आबादी का फायदा मिल रहा है। हम सोच रहे थे कि आबादी बढ़ना नुकसान है लेकिन अब यह फायदा है।

# भूपेश बघेल और उनके बेटे के घर ईडी का छापा

**रायपुर, 10 मार्च (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई स्थित पदुमनगर निवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापा मारा है। टीम ने आज सोमवार की तड़के भिलाई स्थित भूपेश बघेल के निवास और उनके बेटे चैतन्य बघेल के घर पर छापेमारी की है। इसके अलावा टीम अन्य कई स्थानों पर कार्रवाई कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आवास पर बड़ी मात्रा रुपये मिले हैं। इसके बाद ईडी की टीम घर पर नोट गिनने की मशीन लेकर पहुंची है। फिलहाल, कितना रुपये मिला है, ये जानकारी नहीं है। संभवतः शाम तक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। ईडी कागजों की जांच-पड़ताल कर रही है। ऐसे में इस कथित शराब घोटाले में कुल कितना रुपये मिला है। यदि ये आरोप कोर्ट से सिद्ध होता है, तो ईडी की टीम अपने जांच की कार्रवाई के दौरान ही पूर्व सीएम भूपेश बघेल और उनके बेटे को गिरफ्तार कर सकती है। बता दें कि दो हजार करोड़ के शराब घोटाले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा फिलहाल जेल में बंद हैं। वहीं इसी मामले में संलिप्तता के आरोप में कई अधिकारी भी जेल की हवा खा रहे हैं। टीम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य से भी पूछताछ की है। इसके बाद ईडी के अधिकारियों ने दस्तावेज जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। टीम ने नेहरू नगर में मुकेश चंद्राकर और राजेंद्र साहू के घर से फाइलें जब्त की है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सिम कार्ड सहित 6 मोबाइल को भी जब्त किया है। बताया जा रहा है कि मोबाइल से बातचीत का टीम जांच-पड़ताल करेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी छापेमारी की जानकारी लगने पर बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और समर्थक रायपुर और अन्य जिलों से भिलाई निवास पहुंचकर ईडी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। आवास पर ही घरने पर बैठकर विरोध जता रहे हैं। बंगले के बाहर कांग्रेस कार्यकताओं की भीड़ लगी रही। छापामार कार्रवाई के विरोध में बंगले के बाहर कांग्रेसियों ने नगाडा बजाकर विरोध जताया। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव भी भिलाई पहुंचे। उन्होंने कार्रवाई को गलत बताया। वहीं यूथ कांग्रेस ने सड़क पर उतरकर ईडी का पुतला भी फूंका। दूसरी ओर रायपुर में विधानसभा के कार्रवाई शुरू होते ही कांग्रेस विधायकों ने जमकर हंगामा किया। इस वजह से विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने कई सदस्यों को निलंबित कर दिया। इसके बाद सदन की कार्रवाई दिनभर के लिए स्थगित कर सभी विधायक भूपेश बघेल के निवास भिलाई पहुंचे। इससे पहले उन्होंने सदन के बाहर धरना प्रदर्शन भी किया। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे के घर पर चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी कर रही है। ईडी कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छत्तीसगढ़ में 14 स्थानों पर छापेमारी कर रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने ईडी की कार्रवाई को लेकर कहा कि सात वर्षों से चले आ रहे झूठे केस को जब अदालत में बर्खास्त कर दिया गया तो आज ईडी के मेहमानों ने पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई निवास में आज सुबह प्रवेश किया है। अगर इस षड्यंत्र से कोई पंजाब में कांग्रेस को रोकने का प्रयास कर रहा है, तो यह गलतफहमी है।




# भारत-न्यूजीलैंड का मैच देख रहे बीटेक छात्र की चाकू से गोदकर हत्या

**नई दिल्ली, 10 मार्च (एजेंसी)।** जिले के सिकंदरा थाना अंतर्गत जेसीबी ग्राउंड में रविवार रात भारत और न्यूजीलैड का फाइनल क्रिकेट मुकाबला देख रहे बीकेट छात्र सिद्धांत गोविंद (24) की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। वह अपने तीन दोस्तों के संग मोबाइल पर क्रिकेट मैच देख रहा था। इसी बाइक सवार हमलावर उसके पास पहुंचे और मैदान में खड़े होने पर कारण पूछ रुपये मांगने लगे। इस पर छात्र और दोस्तों ने विरोध किया तब दबंगों ने सिद्धांत पर हमला कर दिया। जिसके बाद हमलावर धमकी देते हुए घटनास्थल से फरार हो गए। छात्र की हत्या के बाद पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी है। वहीं, इकलौते बेटे की मौत के बाद सिद्धांत का परिवार सदमें है। पीड़ित परिवार बेटे को इंसाफ दिलाने की मांग कर रहा है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) आदित्य के मुताबिक, आवास विकास कॉलेनी सेक्टर-7 निवासी सिद्धांत गोविंद दयालबाग शिक्षण संस्थान से बीटेक की पढ़ाई कर रहा था। रविवार रात करीब 09 बजे वह कॉलोनी के शुभम गुप्ता, पुष्पांजलि गार्डेनिया निवासी शशांक राना और अपर्णा प्रेम अपार्टमेंट निवासी सिद्धांत राना के साथ शास्त्रीपुरम स्थित जेसीबी चौराहे पर मैदान में खड़े होकर मोबाइल पर भारत और न्यूजीलैड का फाइनल मैच देख रहा था। पूछताछ में छात्र के दोस्त शुभम गुप्ता और शशांक राना ने बताया कि हम सभी मोबाइल पर मैच दे रहे थे तभी एक बाइक पर तीन युवक आए। उन्होंने पहले ये पूछा, यहां पर क्या कर रहे हो, इसके बाद तीनों युवकों ने हम चारों से रुपए मांगे। विरोध करने पर बाइक सवार मारपीट करने लगे। इसी बीच बाइक सवार दबंगों ने सिद्धांत को चाकू घोंप दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। एसीपी ने बताया कि छात्र की मौत के बाद घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और मामले की सभी संभावित कोणों से जांच करने के लिए कई टीमें लगाई गई हैं।" छात्र के पिता अनिल गोविंद के अनुसार, रविवार शाम को उनके बेटे ने उन्हें फोन किया था । उन्होंने बताया, "रात करीब 10 बजे मुझे पुलिस का फोन आया और तब मुझे उसकी हत्या के बारे में पता चला।" उनके चचेरे भाई अखिलेश के अनुसार, सिद्धांत दयालबाग इंस्टीट्यूट में इलेक्ट्रॉनिक्स बीटेक के चौथे वर्ष का छात्र था। वह परिवार का इकलौता बेटा था और अपने पिता और छोटी बहन के साथ रहता था। कोविड-19 महामारी के दौरान उसकी मां का निधन हो गया था।

## बीजेपी नेता गुलफाम सिंह यादव की जहर का इंजेक्शन लगाकर की हत्या!

**संभल, 10 मार्च (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के संभल में बीजेपी नेता गुलफाम सिंह यादव की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। आरोप है कि उन्हें जहरीला इंजेक्शन लगा कर मारा गया है। वहीं इलाज के दौरान अलीगढ़ में उनकी मौत होने की खबर सामने आई। जानकारी के मुताबिक उन्होंने खुद परिवार के लोगों बताया था कि उन्हें जहर दिया गया है। बता दें, गुलफाम सिंह यादव ने दिवंगत नेता मुलायम सिंह यादव के खिलाफ बीजेपी से ही चुनाव भी लड़ा था। घटना जुनावई थाना के गांव दबथरा की है। यहां रहने वाले बीजेपी नेता गुलफाम सिंह यादव की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार तीन लोग उनके घर आए और जहरीला इंजेक्शन लगाकर भाग गए। पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए अलीगढ़ रेफर किया था, जहां इलाज के दौरान मौत हुई है। गुलफाम सिंह यादव आरएसएस में जिला कार्यवाह रहे। पिछड़ा वर्ग आयोग में सदस्य भी रह चुके थे। 2004 में उन्होंने गुन्नौर विधानसभा से मुलायम सिंह यादव के खिलाफ बीजेपी से उपचुनाव लड़ा था। 2016 में पश्चिमी यूपी के भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भी रहे थे और वर्तमान में ग्राम प्रधान थे। मामले में एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने एक पैनल द्वारा उनका पोस्टमार्टम कराने और आगे की कार्रवाई करने की बात कही है। जानकारी के मुताबिक बीजेपी नेता गुलफाम सिंह यादव ने मरने से पहले हत्यारों के बारे में बताया था। उन्होंने बताया कि उन्हें कुछ लोगों ने घर पर जहरीला इंजेक्शन दिया था। इसके बाद इलाज के दौरान तड़प-तड़पकर उनकी मौत हो गई। वहीं पुलिस टीम आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# हलवाई की दुकान से पन्नी में उल्टी करने का वीडियो सामने आया तो किया चालान

**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)।** रतनपुरी क्षेत्र के एक प्रसिद्ध हलवाई की दुकान के अंदर का पन्नी में उल्टी करने का वीडियो सामने आया तो किया गया युवक का चालान। आए दिन तरह-तरह के वीडियो सामने आने लगे हैं। इसी क्रम में रतनपुरी थाने में एक प्रसिद्ध हलवाई का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें अंदर कमरे में खड़ा युवक एकाएक पन्नी के अंदर उल्टी कर रहा है। हालांकि पन्नी के अंदर उल्टी करने की कोई ऐसी पुष्टि नहीं हुई, जिसमें उसने किसी खाद्य पदार्थ में यह उल्टी की हो, मगर सोशल मीडिया पर उक्त वीडियो वायरल होने से तरह तरह के कयास लगाए गए, किसी ने इसे थूकना, किसी ने पेशाब करना बताकर चर्चाएं बटौरी मगर पुलिस ने इससे साफ इंकार कर दिया। पुलिस ने बताया कि युवक द्वारा पन्नी में उल्टी की जा रही है। बताया जाता है कि उक्त दुकान से तरह तरह का मिष्ठान और नकदीन का सामान जाता है, इसलिए इस वीडियो को देखकर लोग भड़क उठे तो सीओ गजेन्द्र पाल को इस मामले में कार्यवाही करनी पड़ी। कार्यवाही करते हुए पुलिस ने युवक का 151 में चालान कर दिया।



# होली व दुल्हैंडी को शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु पुलिस व प्रशासन ने कसी कमर

**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)।** होली पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अलर्ट मोड पर आ गयी है। पुलिस अधिकारियों ने जनपद के सभी होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण कर लिया है। जनपद के सभी थानों पर होली पर्व को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। सोमवार की देर सांय एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत के नेतृत्व में सिटी कोतवाली व खालापार थाना क्षेत्र के अंतर्गत संवेदन व अति संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त किया। दुल्हैंडी के दिन जुमे की नमाज को लेकर पुलिस सतर्क है। मिश्रित आबादी के इलाकों साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखने के लिए लोगों से वार्ता की है। सोमवार को एडीएम प्रशासन व एसपी सिटी ने मंडी क्षेत्र में होलिका दहन का स्थल का निरीक्षण किया। जनपद में 1220 स्थानों पर होलिका दहन होना है। डीआईजी एवं एसएसपी अभिषेक सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में होलिका दहन स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण करने के आदेश दिए है। होलिका दहन में 100 से अधिक स्थान ऐसे हैं, जो मिश्रित आबादी में है। इन स्थानों पर पुलिस को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए है। जनपद में होली पर्व लेकर जोन व सैक्टर स्कीम लागू कर दी गयी है। जनपद में होली दहन के लिए व दुल्हैंडी पर कलस्टर मोबाइल के साथ सभी थाना प्रभारी व सीओ को भ्रमणशील रहने के आदेश दिए हैं। जनपद के सभी थानों पर शांति समिति की बैठक आयोजित कर लोगों से सौहार्द बनाने की अपील की गयी है। मिश्रित आबादी वाले स्थानों पर पुलिस ने वहां के लोगों से वार्ता कर शांतिपूर्वक तरीके से पर्व मनाने की अपील की। वहीं डीआईजी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर होली पर्व पर कोई भी व्यक्ति माहौल खराब करने का प्रयास करेगा, तो पुलिस उससे सख्ती के साथ निपटेगी। सोमवार को एडीएम प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह व एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने नई मंडी कोतवाली क्षेत्र में होलिका दहन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने वहा उपस्थित लोगों से वार्ता भी की।



## ग्राम प्रधान के सफाई के दावे खोखले

# कूड़े के ढ़ेरों से होकर ले जानी पड़ रही हैं अर्थियां

**मुजफ्फरनगर, 10 मार्च (बु.)।** बुढ़ाना तहसील के मंदवाड़ा गांव का नेताओं को शर्मसार करने वाला एक वीडियो सामने आया है। हालांकि नेता अब कम ही शर्मसार होते हैं, क्योंकि उनके पास जनता को देने के लिए खूब सारे जवाब हैं मगर अब जनता किसी बहकावे में नहीं आती और वीडियो और तस्वीरों के माध्यम से नेताओं के विकास कार्य न करने के फोटो व वीडियो खुद ही वायरल कराकर दूध का दूध और पानी का पानी कर देती हैं। सोशल मीडिया पर दो दिन पहले एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें मंदवाड़ा गांव के लोगों को एक शव यात्रा कूड़े के ढेर पर रखे हुए और उसके बाद उसे श्मशान तक ले जाते हुए देखा गया। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यहां का प्रधान भेदभाव करके विकास कार्य कराते हैं। जिन क्षेत्रों में साफ सफाई की आवश्यकता है उन क्षेत्रों में सफाई नहीं हो पाती। अपने चहेतों को खुश करने के लिए वे उनके क्षेत्र में सफाई कार्य कराते हैं। ऐसे में क्षेत्र की जनता उन पर खुलकर भेदभाव के आरोप लगाती दिखाई पड़ती है और लोगों का कहना है कि इससे शर्म की बात और क्या होगी, कि जीवित लोगों को ही नहीं मृतकों को भी इस गंदगी से गुजरना पड़ रहा है। उक्त व्यवस्था कब ठीक होगी, कब नहीं यह किसी को नहीं पता, मगर फिलहाल इस वीडियो ने विकास के दावे करने वाले प्रधान को शर्मसार करने का काम किया है।



मीडिया को जानकारी देते मंदवाड़ा के ग्रामीण

# उत्तराखंड में बीजेपी ने जिला अध्यक्षों का किया ऐलान, कई नए चेहरों को मिला मौका

**देहरादून, 10 मार्च (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में नए जिला अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। सूची में कुछ पुराने लोगों पर पार्टी ने भरोसा जताया है। वही इस फैसले से कार्यकर्ता भी खुश है। उत्तराखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में नए जिला अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। इस सूची में जहां कुछ पुराने जिला अध्यक्षों पर पार्टी ने भरोसा जताया है, वहीं कई जिलों में नए चेहरों को भी मौका दिया गया है। संगठन का कहना है कि यह बदलाव आगामी चुनावों की रणनीति का हिस्सा है और पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के लिए किया गया है। बीजेपी प्रदेश नेतृत्व द्वारा जारी सूची के अनुसार, देहरादून महानगर से सिद्धार्थ अग्रवाल, देहरादून ग्रामीण से मीता सिंह, नैनीताल से प्रताप सिंह बिष्ट, चंपावत से गोविंद सावंत, ऋषिकेश से राजेंद्र तड़ियाल और कोटद्वार से राजगौरव नोटियाल को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, उत्तरकाशी में नागेंद्र चौहान, पिथौरागढ़ में गिरीश जोशी, अल्मोड़ा में महेश नयाल, बागेश्वर में प्रभा गड़िया, टिहरी में उदय रावत, पौड़ी में कमल किशोर रावत, रुद्रप्रयाग में भारत भूषण भट्ट, चमोली में गजपाल बर्तवाल, रुद्रपुर में कमल जिंदल को अध्यक्ष बनाया गया है। हरिद्वार जिले में आशुतोष शर्मा को भाजपा का नया जिला अध्यक्ष घोषित किया गया है, जबकि रुड़की में डॉ। मधु, काशीपुर में मनोज पाल और रानीखेत के लिए अभी नाम तय नहीं किया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार, संगठनात्मक बदलाव का मुख्य उद्देश्य पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करना और आगामी चुनावों की तैयारी को धार देना है। उन्होंने कहा कि नए जिला अध्यक्षों को क्षेत्रीय समीकरणों, पार्टी कार्यकर्ताओं के मनोबल और संगठन की मजबूती को ध्यान में रखते हुए चुना गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा इस बार युवाओं और महिलाओं को संगठन में अधिक प्रतिनिधित्व देने की रणनीति अपना रही है। हरिद्वार, रुड़की और बागेश्वर में महिला नेताओं को मौका देना इसी का संकेत है। पार्टी क्षेत्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पकड़ बनाने के लिए विभिन्न जिलों में नए जिला अध्यक्षों का बनाने का फैसला लिया है।

# योगी कैबिनेट में 19 प्रस्तावों पर मुहर, गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ाया

**लखनऊ, 10 मार्च (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट बैठक हुई। इस दौरान कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में कई विभागों के 19 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने संवाददाताओं को बताया कि सरकार ने गेहूं के समर्थन को बढ़ाते हुए 2425 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया है। एमएसपी बढ़ गई है। 17 मार्च से 15 जून तक गेहूं की खरीद की जाएगी। वित्त मंत्री ने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए एक अन्य निर्णय में बलिया जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए निःशुल्क जमीन का स्थानांतरण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी है। उन्होंने बताया कि जिला कारागार की 14.05 एकड़ जमीन को चिकित्सा शिक्षा विभाग को निशुल्क हस्तांतरित किया जाएगा। इनमें से 12.39 एकड़ जमीन पर मेडिकल कॉलेज बनेगा और करीब दो एकड़ जमीन का सौंदर्यीकरण करके उस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चित्तू पांडे का स्मारक बनाया जाएगा। उनके नाम पर ही प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज का नामकरण किया जा सकता है। इसके अलावा सैफई मेडिकल कॉलेज का बजट 1 अरब 76 करोड़ से 300 बेड और बनेंगे। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड की आगरा मेट्रो रेल परियोजना के प्रथम कॉरिडोर के लिए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की भूमि का आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के पक्ष में निःशुक हस्तांतरण को मंजूरी दी गई है। उत्तर प्रदेश देश मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड की आगरा मेट्रो रेल परियोजना के द्वितीय कॉरिडोर के मेट्रो डिपो के लिए गृह विभाग की भूमि का आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के पक्ष में निःशुक हस्तांतरण को मंजूरी मिल गई है।




# धर्म पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर सहारनपुर में बवाल, लाठीचार्ज

**सहारनपुर, 10 मार्च (एजेंसी)।** सहारनपुर जनपद के बेहट में पिछले कुछ दिनों से रमजान और इस्लाम धर्म के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर तनाव जारी है। सोमवार को इस मामले में नया मोड़ आ गया। मुस्लिम समुदाय के युवाओं ने बस स्टैंड पर एकत्र होकर नारेबाजी की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए लाठीचार्ज किया। इसके बाद पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया। पुलिस इन्हें अपनी गाड़ी में बैठाकर थाने ले गई है। बताया गया कि क्षेत्र में अभी तनाव की स्थिति है। दरअसल, चार दिन पहले इस्माइलपुर पठानपुरा के रहने वाले एक युवक की फेसबुक आईडी से पोस्ट डाली गई थी, जो रमजान और इस्लाम धर्म को लेकर की गई थी। उसी दिन युवक कोतवाली में पहुंच गया था और पुलिस को बताया कि किसी ने उसकी फेसबुक आईडी को हैक कर लिया है। युवक ने बताया कि उसकी हैक हुई फेसबुक आईडी से लगातार आत्तिजनक पोस्ट डलती रही। वहीं इसे लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आपत्ति जताई। उनकी मांग है कि युवक को गिरफ्तार किया जाए। पुलिस ने युवक के खिलाफ केस कर दर्ज जांच शुरू कर दी थी, लेकिन सोमवार को मुस्लिम समुदाय के युवा भारी संख्या में बस स्टैंड पर पहुंच गए। पता लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। भारी पुलिस बल तैनात कर दिया। माहौल को भांपते हुए पुलिस ने भीड़ पर लाठीचार्ज कर दिया। कुछ युवाओं को हिरासत में लिया। बताया जा रहा है कि भीड़ में कुछ बाहरी युवा शामिल हैं। स्थिति को नियंत्रित करते हुए गश्त बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। पुलिस मौके पर मौजूद है।